दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



18 को रिलीज होगी केसरी.......

प्रियंका हॉलीवुड कॉमेडी का बनी हिस्सा......

वर्ष : 11 | अंक : 120 | लखनऊ, 17 अप्रैल, गुरूवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## कांग्रेस ने बाबा साहेब को धोखा दिया, भारत रत्न देने से मना किया:सीएम योगी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह अपने राजनीतिक लाभ के लिए डॉ. बी.आर. आंबेडकर के विचारों को अपनाने का नाटक कर रही है और उनकी विरासत का व्यवस्थागत तरीके से अपमान कर रही है।

मुख्यमंत्री ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ के लिए संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने हर महत्वपूर्ण मौके पर बाबा साहेब को दरकिनार करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 1952 और 1954 के उप चुनावों में बाबा साहेब को किसने हराया। स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में उनके शामिल होने का किसने विरोध किया। यह कांग्रेस ही थी।

आदित्यनाथ ने कहा, बाबा साहेब के पूरे जीवनकाल में उनका अपमान करने वाली पार्टी अब अपने हाथों में संविधान लेकर लोगों को भ्रमित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर संविधान की प्रस्तावना में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए इसे संविधान की आत्मा पर हमला करार दिया। उन्होंने कहा, जिस तरह से शरीर के लिए आत्मा आवश्यक है, उसी तरह संविधान के लिए प्रस्तावना का महत्व है। इस पार्टी द्वारा आपातकाल थोपकर संविधान का गला घोंटा गया। उन्होंने कांग्रेस पर दिल्ली में आंबेडकर का स्मारक बनाने से दशकों तक इनकार करने और उन्हें भारत रत्न नहीं देने का भी आरोप लगाया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, जहां कांग्रेस के परिवारों को 50 एकड़ का स्मारक उपहार में दे दिया गया, दिल्ली में बाबा साहेब के लिए एक इंच भी जमीन नहीं दी गई। यह अटल बिहारी वाजपेयी थे जिन्होंने उस सरकार का समर्थन किया जिसने बाबा साहेब को भारत रत्न दिया।

### सीएम योगी के फैसले से आउटसोर्स कर्मचारियों को होगा फायदा, अब अपने जिले में कर सकेंगे काम

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा फैसला लेते हुए आउटसोर्स कर्मचारियों को राहत दे दी है। परिवहन निगम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के जरिए नियुक्त परिचालकों का भी ट्रांसफर हो सकेगा। परिचालकों की सुविधा, निगम की कार्यक्षमता और राजस्व में बढ़ोतरी की दिशा में उठाया गया है, जिससे बेहद महत्वपूर्ण काम हो सकेगा।

#### आपसी सहमति जरूरी

परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के मुताबिक परिचालकों की नियुक्ति जहां होती है उन्हें उस स्थान पर ही सेवाएं देनी होती है। मगर अब ऐसे परिचालक जो कम से कम छह महीने की सेवा दे चुके हैं और 30 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर चुके है उनका ट्रांसफर आपसी सहमति से हो सकता है। ऐसे में दूरदराज के क्षेत्रों में तैनात परिचालक अपने गृह जनपद या उसके पास के स्थान पर भी सर्विस दे सकेंगे। इससे उन्हें छुट्टियां भी कम लेनी होंगी जिससे गाड़ी परिचालन में समस्या नहीं होगी। इस संबंध में परिवहन मंत्री का कहना है कि परिचालकों की नियमित उपलब्धता होने से वर्किंग दिनों की संख्या में इजाफा होगा।

## ज्ञानवापी मामला: उच्च न्यायालय में सुनवाई पांच मई तक के लिए टली

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



वाराणसी , इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी की एक अदालत के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पांच मई, 2025 तक के लिए टाल दी। वाराणसी की अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित वुजूखाना का सर्वेक्षण करने का एएसआई को निर्देश देने से मना कर दिया था।

मंगलवार को जब इस मामले पर सुनवाई शुरू हुई, अदालत को सूचित किया गया कि 2020 की रिट याचिका संख्या 1246 (अश्विनी कुमार उपाध्याय बनाम केंद्र सरकार एवं अन्य) में उच्चतम न्यायालय ने अंतरिम आदेश पारित किया है जो 21 अप्रैल, 2025 तक प्रभावी है। इस पर अदालत ने सुनवाई टाल दी।

उच्चतम न्यायालय ने अपने अंतरिम आदेश में निर्देश दिया था कि यद्यपि नए वाद दाखिल किए जा सकते हैं, अगले आदेश तक कोई मुकदमा पंजीकृत नहीं किया जाएगा और उसमें कोई सुनवाई नहीं की जाएगी। साथ ही कोई भी अदालत सर्वेक्षण आदि सहित कोई अंतरिम आदेश या अंतिम आदेश पारित नहीं करेगी। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत कर रही है। अदालत ने मस्जिद कमेटी को इस बीच अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय दिया।

अपनी पुनरीक्षण याचिका में वादी राखी सिंह ने दलील दी है कि वुजूखाना क्षेत्र का सर्वेक्षण न्याय हित में आवश्यक है और इससे वादी और प्रतिवादी दोनों को लाभ होगा और अदालत को इस मुकदमे में निष्कर्ष पर पहुंचने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वुजूखाना क्षेत्र का एएसआई से सर्वेक्षण इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि इससे संपूर्ण संपत्ति का धार्मिक चरित्र निर्धारित हो सकेगा।

### मौसम

अधिकतम तापमान 26.c

न्यूनतम तापमान 11.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 78,271.28

निफ्टी 23,696.30

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 अप्रैल से लखनऊ के तीन दिवसीय दौरे पर

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 अप्रैल को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचेंगे और अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवाररात पौने नौ बजे लखनऊ हवाई अड्डे पर उतरेंगे, जहां से वह सीधे 5ए कालिदास मार्ग अपने सरकारी आवास पर जाएंगे। उन्होंने बताया कि सिंह 19 अप्रैल यानी शनिवार को सुबह साढ़े नौ बजे के.डी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ की शुरूआत करेंगे। द्विवेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम के बाद वह पूर्वाह्न 11 बजे मुन्नू खेड़ा सदरौना रोड जाएंगे और पश्चिम मंडल3 के वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि रक्षा मंत्री अगले दिन रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे आईआईएम रोड स्थित महर्षि डिग्री कॉलेज पहुंचेंगे और वहां उत्तर मंडल4 वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ संवाद करेंगे। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि सिंह दोपहर सवा 12 बजे अलीगंज में डॉ. बिंदेश्वर पाठक की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।

## गुजरात में संगठन मजबूत करने पर राहुल का जोर

### आरएसएस – भाजपा को सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही हरा सकती है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, गुजरात में राहुल गांधी ने कहा कि सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही आरएसएस और भाजपा को हरा सकती है। राहुल ने मोडासा शहर में कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम राज्य में भाजपा को हराएंगे। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि गुजरात कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई सिर्फ.राजनीतिक लड़ाई नहीं है, बल्कि बीजेपी-आरएसएस और कांग्रेस के बीच विचारधारा की लड़ाई भी है। पूरा देश जानता है कि अगर कोई बीजेपी को हरा सकता है, तो वो सिर्फ.कांग्रेस पार्टी है। अगर हमें देश में आरएसएस और बीजेपी को हराना है, तो इसका रास्ता गुजरात से होकर जाता है।

कांग्रेस नेता कहा कि हमारी पार्टी की शुरूआत गुजरात से ही हुई थी। आपने हमें हमारे सबसे बड़े नेता महात्मा गांधी और सरदार पटेल दिए। लेकिन गुजरात में हम लंबे समय से हतोत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि मैं आपके जिले के वरिष्ठ नेताओं से मिला, जिन्होंने मुझे बताया कि हमारे बीच की प्रतिस्पर्धा रचनात्मक नहीं, बल्कि विनाशकारी है। दूसरी बात, स्थानीय टिकट वितरण में स्थानीय लोगों को शामिल नहीं किया जाता। चर्चा का मुख्य बिंदु यह था कि जिला अहमदाबाद से नहीं चलना चाहिए; जिला जिले से चलना चाहिए। जिले के नेताओं को मजबूत किया जाना चाहिए। जिला अध्यक्ष को जिम्मेदारी और शक्ति दी जानी चाहिए। हम यह काम अभी से शुरू कर रहे हैं।

राहुल ने कहा कि जिला अध्यक्ष कोई समझौतावादी उम्मीदवार नहीं होगा। वो आपकी मदद से जिला चलाएगा। जिला उसके फैसलों से चलेगा। उम्मीदवार को ऊपर से निर्देश नहीं मिलेंगे। हम चाहते हैं कि संगठन और चुनाव लड़ने वालों के बीच एक जुड़ाव होना चाहिए। आजकल होता ये है कि कांग्रेस पार्टी का संगठन लोगों को चुनाव जिताने में मदद करता है और एक बार कोई व्यक्ति विधायक या सांसद बन जाता है तो वो कांग्रेस संगठन को भूल जाता है। उन्होंने कहा कि गुजरात में ये हमारा पायलट प्रोजेक्ट है क्योंकि हम ये संदेश देना चाहते हैं कि गुजरात हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य है।

गांधी ने कहा कि हम उन लोगों को ताकत देना चाहते हैं जिनकी बूथ लेवल पर पकड़ है। हमें नई पीढ़ी को कांग्रेस पार्टी में लाना है जो लोग जनता से जुड़े हैं उन्हें आगे बढ़ाना है।

### संक्षिप्त समाचार

## धनशोधन मामले में ईडी ने छापेमारी की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

हैदराबाद : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कथित रियल एस्टेट धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत हैदराबाद में कई स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई सुराणा समूह और साई सूर्या डेवलपर्स के खिलाफ की जा रही है ।सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीमों ने सिकंदराबाद, जुबली हिल्स और बोवेनपल्ली स्थित परिसरों पर छापे मारे हैं। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत यह जांच उन आरोपों से जुड़ी है, जिनमें कहा गया है कि इन रियल एस्टेट कंपनियों ने समय पर अपनी परियोजनाओं को क्रेताओं को नहीं दिया ।सूत्रों ने बताया कि साई सूर्या डेवलपर्स के मालिक कंचरला सतीश चंद्र गुप्ता के खिलाफ ग्रीन मीडोज नामक परियोजना में कथित चूक को लेकर पुलिस जांच भी चल रही है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता महेश बाबू थे, लेकिन उनके खिलाफ फिलहाल कोई आरोप नहीं है ।मधुरा नगर थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, 32 वर्षीय एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर नक्का विष्णु वर्धन ने गुप्ता और उनकी कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। यह रियल एस्टेट कंपनी हैदराबाद के वेंगल राव नगर में स्थित है ।शिकायत के अनुसार, नक्का विष्णु वर्धन समेत कई अन्य निवेशकों ने अप्रैल 2021 में ग्रीन मीडोज परियोजना में तीन करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया था। अन्य निवेशकों में डॉ. सुधाकर राव, श्रीकाकुलम विट्ठल महेश, राजेश, श्रीनाथ, के. हरीश, कोटला शशांक, रवि कुमार, के. प्रभावती, वेंकट राव और कृष्ण मोहन शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, सुराणा समूह की भी इस मामले में जांच की जा रही है।

## मुर्शिदाबाद हिंसा के लिए बीजेपी जिम्मेदार : ममता बनर्जी

### हम जब तक रहेंगे हिंदू-मुसलमान नहीं होने देंगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इमामों के साथ बैठक में कहा कि मुर्शिदाबाद जिले के कुछ इलाकों में वक्फ अधिनियम को लेकर कुछ अशांति हुई। उन्होंने कहा कि विपक्ष दावा कर रहा है कि तृणमूल कांग्रेस वक्फ हिंसा में शामिल है, अगर ऐसा होता तो उसके नेताओं के घरों पर हमले नहीं होते। ममता ने दावा किया कि संसद में वक्फ कानून के खिलाफ लड़ाई में तृणमूल कांग्रेस सबसे आगे थी। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति में सभी धर्मों के लोगों ने भूमिका निभाई है, लेकिन संविधान को कमजोर करने के प्रयास जारी हैं।

ममता बनर्जी ने कहा मुर्शिदाबाद में हुए सांप्रदायिक दंगे पूर्व नियोजित थे। वक्फ (संशोधन) अधिनियम देश के संघीय ढांचे के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने रामनवमी के दौरान दंगे कराने की योजना बनाई, लेकिन विफल रही; मैं लोगों को विभाजित नहीं होने दूंगी, मैं एकता चाहती हूं। उन्होंने कहा कि हम केंद्र की सत्ता से भाजपा को हटाने के बाद उसके द्वारा पारित सभी जनविरोधी विधेयकों को वापस लेंगे। केंद्र पर वार करते हुए ममता ने कहा कि उन्हें जवाब देना चाहिए कि कितने युवाओं को नौकरी मिली है? दवाइयों, पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिए गए हैं, लेकिन कुछ 'गोदी मीडिया' सिर्फ.बंगाल के खिलाफ बोलते हैं।

उन्होंने कहा कि अगर आपको कुछ कहना है, तो मेरे सामने आकर बोलें, मेरे पीछे नहीं। बीजेपी द्वारा पोषित कुछ मीडिया चैनल बंगाल के फर्जी वीडियो दिखाते हैं। हमने उन्हें पकड़ा। उन्होंने कर्नाटक, यूपी, बिहार और राजस्थान के 8 वीडियो दिखाए और बंगाल को बदनाम करने की कोशिश की। उन्हें शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सर्व धर्म समभाव में विश्वास करते हैं। मैं रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद में विश्वास करता हूं... मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि अगर कोई भाजपा के बयान से उत्तेजित होकर बंगाल में अशांति पैदा करना चाहता है तो उस पर नियंत्रण रखें।

ममता बनर्जी ने कहा कि मैं सभी धर्मों की बात करती हूं। जब हम काली मंदिर का जीर्णोद्धार करते हैं तो भाजपा कहां चली जाती है? जब हम दुर्गा पूजा मनाते हैं तो वे कहते हैं कि हम लोगों को यहां जश्न नहीं मनाने देते। सरस्वती पूजा हर घर में मनाई जाती है और वे कहते हैं कि हम ऐसा नहीं होने देते। सभी को सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए, यह हमारी परंपरा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम जब तक रहेंगे हिंदू-मुसलमान नहीं होने देंगे।

## राजकोट में नगर निगम की बस ने वाहनों और पैदल यात्रियों को मारी टक्कर, तीन लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, गुजरात के राजकोट शहर में बुधवार को स्थानीय नगर निगम की गति से जा रही एक बस ने यातायात सिग्नल पर कई वाहनों और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सीसीटीवी फुटेज में इलेक्ट्रिक बस को व्यस्त ट्रैफिक सिग्नल पर दोपहिया वाहनों और कारों सहित अन्य वाहनों को टक्कर मारते हुए देखा गया। पुलिस उपायुक्त (जोन-2) जगदीश बांगड़वा ने बताया, राजकोट नगर निगम (आरएमसी) द्वारा संचालित एक इलेक्ट्रिक सिटी बस ने एक ट्रैफिक सिग्नल परदोपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ-साथ पैदल यात्रियों को भी टक्कर मार दी जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। गांधीग्राम पुलिस थाने की निरीक्षक सेजल मेघानी ने बताया कि यह दुर्घटना पूर्वाह्न करीब 10 बजे इंदिरा सर्किल पर हुई। दुर्घटना स्थल से कुछ दूरी पर रुकी सरकारी बस में गुस्साई भीड़ ने तोड़फोड़ की। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। उन्होंने बताया कि बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है और जांच जारी है।

## आरएसएस नेता की हत्या के मामले में पीएफआई सदस्यों की जमानत के खिलाफ दायर एनआईए की याचिका खारिज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने 2022 में केरल के पलक्कड़ में आरएसएस के नेता श्रीनिवासन की हत्या से जुड़े मामले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 17 सदस्यों को जमानत दिए जाने के खिलाफ दायर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की याचिकाओं पर विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह ने कहा कि आरोपियों को जमानत दिए जाने का केरल उच्च न्यायालय का आदेश डेढ़ साल पुराना है और उच्च न्यायालय के पास शर्तों का उल्लंघन होने पर जमानत रद्द करने की शक्ति है। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि याचिकाकताओं को जमानत के खिलाफ विशेष अदालत में आवेदन करने की स्वतंत्रता है। इसलिए, याचिकाकर्ता इन याचिकाओं में दिए गए आधारों पर जमानत रद्द कराने के लिए कभी भी विशेष अदालत में आवेदन कर सकते हैं। वास्तव में विशेष अदालत अधिक उपयुक्त अदालत होगी। पीठ ने कहा, इसलिए, इस स्तर पर हम विशेष अनुमति याचिकाओं पर विचार करने से इनकार कर रहे हैं और याचिकाकताओं को जमानत के खिलाफ विशेष अदालत/उच्च न्यायालय का रुख करने की स्वतंत्रता देते हैं। केरल उच्च न्यायालय ने 25 जून, 2024 को पीएफआई के 17 आरोपी सदस्यों को जमानत दे दी थी। 26 आरोपियों में से 17 को जमानत देते हुए उच्च न्यायालय ने कड़ी शर्तें लगाई थीं, जिनमें जांच अधिकारी से मोबाइल फोन नंबर और जीपीएस लोकेशन साझा करना शामिल है।

## कांग्रेस अपनी बनाई ED से खुद परेशान, अखिलेश यादव की मांग, अब इसे खत्म कर देना चाहिए

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, नेशनल हेराल्ड मामले पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस ने ईडी का गठन किया। आज वे ईडी के कारण मुश्किल में हैं। आर्थिक अपराधों की जांच के लिए कई संस्थाएं हैं। ईडी जैसी एजेंसियों को खत्म कर देना चाहिए। कन्नौज सांसद ने प्रवर्तन निदेशालय को खत्म करने की भी मांग कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही एऊ कानून बनाया था। उस समय कई पार्टियों ने इसका विरोध किया था, कांग्रेस से कहा था कि आप ऐसा कानून ला रहे हैं जिससे अंततः आपको ही परेशानी हो सकती है। महाराष्ट्र में जो भी नेता भाजपा के खिलाफ था, उसे एऊ, उइक और आयकर विभाग का सामना करना पड़ा। मैं इतना समझता हूँ कि एऊ जैसे विभाग को खत्म कर देना चाहिए। मैं कांग्रेस से भी यही माँग करूँगा। एऊ होने का मतलब है कि आप आयकर विभाग या GST जैसी अपनी संस्थाओं पर भी भरोसा नहीं कर रहे हैं।

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी का आरोपपत्र सरकार की घबराहट और नैतिक दिवालियापन को दशार्ता है। कांग्रेस ने कहा कि वह ऐसी धमकियों से नहीं डरेगी। एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने हिंदी में एक लंबी पोस्ट में नेशनल हेराल्ड चलाने वाली कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को दिए गए वित्तीय ऋण के बारे में स्पष्टीकरण जारी किया और यंग इंडियन द्वारा 5,000 करोड़ रुपये का कर्ज लेने के आरोपों को झूठा करार दिया। उन्होंने कहा कि आप 11 वर्षों से सत्ता में हैं, आपके पास कोई साक्ष्य नहीं है, कोई सबूत नहीं है, कुछ भी नहीं है - अन्यथा आपको 365वें दिन तक इंतजार करने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता। रमेश ने कहा कि यह न केवल सरकार की घबराहट बल्कि उनके मानसिक और नैतिक दिवालियापन को भी दशार्ता है। मोदी जी, यह कांग्रेस पार्टी है। इस देश की मिट्टी में राहुल जी और सोनिया गांधी के अपने लोगों का खून मिला हुआ है, ये झूठी धमकियां किसी और को दिखाएं। उन्होंने यह भी कहा, आपकी विफलताओं, पूंजीपतियों के साथ आपकी मिलीभगत, आपकी नफरत की राजनीति, आपने इस देश को कितना बेरोजगार और असहाय बना दिया है, आपकी नाक के नीचे महिलाओं, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों की क्या हालत है, इसके खिलाफ हम अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

# एक बार फिर रेलवे ट्रैक पर बोटा रख ट्रेन पलटाने की कोशिश

**अमन लेखनी समाचार**



ट्रैक पर पड़ा लकड़ी का टुकड़ा और कपड़ा

लखनऊ। बीती रात लकड़ी का बोटा रखकर गरीब रथ स्पेशल ट्रेन पलटाने की साजिश की गई। रहीमाबाद और कैथूलिया गांव के बीच डाउन ट्रैक पर ढाई फुट लंबा और 6 इंच मोटा लकड़ी का बोटा आम के पत्तों और कपड़े में लपेट कर रखा गया था।

रहीमाबाद स्टेशन से रवाना होते ही नई दिल्ली जा रही गरीब रथ का इंजन टकराया तो चालक ने ट्रेन रोक कर स्टेशन मास्टर को सूचना दी। रात में ही आरपीएफ और रेलवे अधिकारियों ने ट्रैक साफ कराया। इससे करीब एक घंटे तक डाउन ट्रैक बाधित रहा। गैंगमैन की तहरीर पर रहीमाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया।

लखनऊ में छह महीने के भीतर दूसरी बार रेलवे ट्रैक पर बोटा रख ट्रेन पलटाने की साजिश रची गई। गैंगमेन राजेश रंजन के मुताबिक मंगलवार भोर में करीब 2:48 बजे लखनऊ से ट्रेन संख्या 05577 अप सहरसा-आनन्द विहार नई दिल्ली गरीब रथ स्पेशल ट्रेन रहीमाबाद और दिलावर नगर स्टेशन के बीच पास हो रही थी। इसी बीच अप लाइन पर कैथूलिया गांव के पास ट्रैक पर आम के पत्तों से ढका लकड़ी के बोटे से ट्रेन का इंजन टकरा गया। गैंगमेन ने पुलिस को बताया कि रहीमाबाद रेलवे स्टेशन पार करने के बाद ट्रेन की रफ्तार कम थी। ऐसे में इंजन में बोटा टकराते ही लोको पॉयलेट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा कर ट्रेन रोक ली। अगर रफ्तार अधिक होती तो ट्रेन पलट भी सकती थी।

### लकड़ी का बोटा छिपाने के लिए कपड़े से ढका

लोको पायलट की सर्तकता से बड़ा हादसा टल गया। साजिशकताओं ने बोटे को कपड़े से ढका था, जिससे रेलवे ट्रैक पर रखा किसी को दिखाई न पड़े। वहीं, दिल्ली से लखनऊ की तरफ आने वाली डाउन लाइन पर पत्ते लगी छोटी लकड़ियां भी बिखेरी थीं, जिन्हें गैंगमेन ने पुलिस की मदद से हटाया। रेलवे ट्रैक बाधित होने से गरीब रथ करीब एक घंटा खड़ी रही। इस बीच दिल्ली रूट भी प्रभावित हुआ। तीन ट्रेनें काफी देर तक आउटर पर ही रोकनी पड़ीं।

इस मामले में पुलिस उपायुक्त पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे ट्रैक को लकड़ी रख कर बाधित किए जाने की सूचना आरपीएफ की तरफ से मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रैक से लकड़ी हटाई गई। गैंगमेन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### खतरे में पड़ सकती थी सैकड़ों यात्रियों की जान

रेलवे ट्रैकों पर इस तरह की घटनाएं गंभीर खतरे की ओर इशारा करती हैं. जानकारों का मानना है कि अगर समय रहते ट्रेन चालक सतर्क न होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था. ट्रेन की रफ्तार तेज होती तो इंजन और डिब्बे पटरी से उतर सकते थे, जिससे सैकड़ों यात्रियों की जान खतरे में पड़ सकती थी.

### मलिहाबाद में पहले भी हुए प्रयास

24 अक्टूबर 2024: मलिहाबाद में रेलवे ट्रैक पर लकड़ी रख बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस पलटाने का प्रयास।

### स्थानीय लोगों से हो रही पूछताछ

फिलहाल पुलिस की कई टीमें जांच में जुट गई हैं. आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है. आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीमें इस बात की तह तक जाने की कोशिश कर रही हैं कि आखिर इस तरह की साजिश के पीछे कौन लोग हो सकते हैं. रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत रेलवे हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस को देने की अपील की है. घटना के बाद इलाके में रेलवे सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ा दी गई है।

# एयरपोर्ट पर लगेज ना मिलने से यात्रियों ने जमकर काटा हंगामा

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। भोपाल से मंगलवार रात लखनऊ आ रही इंडिगो की कनेक्टिंग फ्लाइट काफी विलंब होने से यात्री परेशान हो गए। ऊपर से कई यात्रियों का लगेज दिल्ली में छूट गया। लखनऊ पहुंचने पर जब उन्हें उनका लगेज नहीं मिला तो उन्होंने चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा काटा। बाद में एयरलाइंस अधिकारियों ने किसी तरह उन्हें समझा बुझाकर शांत किया। बताते हैं कि भोपाल से मंगलवार शाम 4:50 बजे चलकर 6:20 पर दिल्ली पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 2587) करीब 3 घंटा देरी से दिल्ली पहुंची। जिससे यात्री परेशान हो गए। इसके बाद दिल्ली से 9:30 बजे चलकर लखनऊ 10:40 बजे पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई 2703) करीब 1 घंटा 25 मिनट देरी से लखनऊ पहुंची।, दोनों विमानों की काफी लेट लतीफी के कारण यात्री काफी नाराज हो गए। लेकिन बाद में जब लखनऊ पहुंचे तो कई यात्रियों का लगेज उन्हें नहीं मिला। जानकारी करने पर उन्हें पता चला कि उनका लगेज दिल्ली में ही लखनऊ आने वाली फ्लाइट पर नहीं लोड किया गया। यह जानकारी मिलते ही यात्रियों ने लखनऊ एयरपोर्ट पर हंगामा शुरू कर दिया।, यात्रियों का आरोप था कि जब उन्होंने इसकी जानकारी लेनी चाही तो इंडिगो स्टाफ ने जवाब देने के बजाय टालमटोल शुरू कर दी। आरोप लगाया कि वहां पर कोई वरिष्ठ अधिकारी नहीं मौजूद था, सिर्फ कर्मचारी ही सामान घर भिजवाने का आश्वासन देते रहे। यात्रियों ने आरोप लगाया भोपाल से लखनऊ तक आने में विमान काफी लेट लतीफ हुए।, इसके बावजूद उन्हें खाना तक नहीं दिया गया और ना ही उन्हें कोई सही जवाब मिला। जब यात्रियों ने अधिकारियों के नाम और ईमेल मांगे तो उन्हें भी टालने की कोशिश की गई। बल्कि कर्मचारियों की गलती का ठीकरा दिल्ली एयरपोर्ट के बैग बेल्ट फैलियर पर फोड़ दिया गया। यात्रियों का कहना था कि इंडिगो जैसी बड़ी कंपनी से ऐसी लापरवाही की उम्मीद नहीं थी।, ना समय पर उड़ान ना लगेज की गारंटी और ना ही सही जानकारी देने वाला कोई सीनियर अधिकारी। हालाकि करीब घंटे भर चले हंगामा के बाद उन्हें उनका सामान एक-दो दिन में आने पर सूचना देने की बात कह कर इंडिगो स्टाफ ने शांत करा दिया। फिलहाल इस मामले को लेकर यात्री काफी नाराज दिखे।, उन्होंने मांग की कि इस तरह की घटनाओं की जांच होने के साथ जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# अब और भी खूबसूरत दिखेंगे काशी के घाट और ताजनगरी के मंदिर, 1.92 अरब रुपये से होगा पर्यटन विकास

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। ताजनगरी आगरा और शिव की नगरी वाराणसी में विभिन्न स्थलों के पर्यटन विकास पर सरकार 1.92 अरब रुपये खर्च करने जा रही है। आगरा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी के स्मारक निर्माण व विभिन्न मंदिरों के सुंदरीकरण की 13 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इन पर 1.18 अरब रुपये की लागत आएगी। वहीं वाराणसी में 74.31 करोड़ रुपये की लागत वाली 14 परियोजनाओं को मंजूरी मिली है।

### आगरा के इन स्थलों का होगा पर्यटन विकास

आगरा के कैलाश मंदिर के पर्यटन विकास को 15.26 करोड़, दरियानाथ मंदिर के लिए 1.06 करोड़, बल्केश्वर मंदिर के लिए 1.47 करोड़, छावनी क्षेत्र के दशरथ कुंज मंदिर के लिए 95.11 लाख, एत्मादपुर क्षेत्र के खेड़ी में धाकम माता मंदिर के पर्यटन विकास को 88.30 लाख, फतेहाबाद के शिव मंदिर के लिए 88 लाख, बाह के प्राचीन शिव मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 72.60 लाख और कलक्ट्रेट स्थित हनुमान मंदिर के सुंदरीकरण के लिए 8.46 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रमुख पर्यटन स्थलों, मंदिरों, स्मारकों पर 2.05 करोड़ रुपये से साइनेज लगाए जाएंगे। बाह के होलीपुरा में भी साइनेज की स्थापना पर 12.48 लाख रुपये खर्च किए जांएगे। बटेश्वर में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मस्थली पर स्मारक निर्माण के लिए 22.76 करोड़ और क्षेत्र के समेकित पर्यटन विकास के लिए 71.50 करोड़ रुपये की परियोजना पर काम किया जाएगा। इसके अलावा बादशाही बाग में प्रवेश द्वार के सुंदरीकरण पर 49.92 लाख रुपये खर्च होंगे।

### वाराणसी के इन स्थलों का होगा विकास

वहीं वाराणसी में दशाश्वमेध घाट से काशी विश्वनाथ मंदिर घाट तक के घाटों के लिए 6.16 करोड़, अस्सी घाट से रविदास के मध्य घाटों के लिए 8.24 करोड़, अस्सी घाट से दशाश्वमेध घाट तक के लिए 6.14 करोड़ रुपये और गोलाघाट से नमो घाट के मध्य घाटों के जीर्णोद्धार, सुंदरीकरण व पर्यटन विकास के लिए 6.17 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए है। दशाश्वमेध घाट के जीर्णोद्धार के लिए 8.27 करोड़, अस्सी घाट के जीर्णोद्धार व अन्य कार्यों के लिए 6.20 करोड़ की परियोजना पर काम किया जाएगा। इनके अलावा अजगरा के शिव मंदिर को 1.06 करोड़, पिंडरा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के ग्राम करखियावं के लिए 18.25 करोड़, मुस्तफाबाद में दुर्गा मंदिर के लिए 72.06 लाख, गुरूधाम मंदिर के लिए 95.66 लाख, कर्दमेश्वर महादेव के लिए 4.86 करोड़, थाईवट टेंपल (बुद्धा स्टैचू) पर लाइटिंग को 1.28 करोड़, शूलकंटकेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास लिए 95.90 लाख खर्च किए जाएंगे।

# किराये की चिकचिक खत्म!

## वर्किंग वुमन को सरकार ने दिया बड़ा तोहफा



### यूपी में बनने जा रहे 8 आलीशान हॉस्टल

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। कामकाजी महिलाओं के लिए 500-500 बेड के आठ हास्टल बनाए जाएंगे। यह हास्टल लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद में बनाए जाएंगे। सभी हास्टल के निर्माण पर कुल 381 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने 251.82 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी गई है। महिला कल्याण विभाग अब इसका जल्द निर्माण शुरू कराएगा। कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित व सुख-सुविधाओं के लैस हास्टल की सुविधा दिलाने पर जोर दिया जा रहा है। योजना का मुख्य उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित, सुलभ और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराना है। फिलहाल महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की गई है।

### आठ हॉस्टल बनाने के लिए धनराशि जारी

केंद्र सरकार ने स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट्स फार कैपिटल इंवेस्टमेंट (एसएएससीआइ) योजना के तहत यूपी में कामकाजी महिलाओं के लिए कुल आठ हास्टल बनाने के लिए धनराशि दी है। फिलहाल हास्टल के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्थाओं का भी चयन कर लिया गया है। अब जल्द निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। कामकाजी महिलाओं को इस पहल से आवास से संबंधित बड़ी राहत मिलेगी। उन्हें नौकरी के लिए बाहर जाने पर इधर-उधर गर्ल्स हास्टल या फिर अपार्टमेंट में रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार की ओर से उनके लिए यह व्यवस्था कराई जा रही है। सरकारी हास्टलों में न सिर्फ सुरक्षा बल्कि अन्य सुख-सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा।

# मंडलायुक्त रोशन जैकब ने कान्हा उपवन गौशाला का किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। मंडलायुक्त रोशन जैकब ने बुधवार को सरोजनी नगर के नादरगंज, अमौसी स्थित कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की व्यवस्था, गौवशों की स्थिति, चारा पानी की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं और साफ सफाई की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने सभी बाड़ों का निरीक्षण किया जहां भूसे और चोकर के अलावा हरा चारा मानक अनुसार नाँदों में उपलब्ध मिला। निरीक्षण में उन्हें स्वच्छ पानी के अलावा पूरे परिसर की साफ सफाई भी सही मिली। साथ ही गोवंशों का स्वास्थ्य अच्छा पाया गया। मंडलायुक्त ने गौशाला को आत्मनिर्भर बनाए जाने पर बल देने के साथ गौशाला से दूध और गोबर की बिक्री की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिम्मेदारों को निर्देशित किया कि गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराएं और बीमार पशुओं के इलाज के लिए चिकित्सीय व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि गौशाला की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडलायुक्त ने चारे की गुणवत्ता की भी समीक्षा की, साथ ही निर्देश दिए कि पशुओं को पोषण युक्त चारा समय से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक गौ आश्रय स्थल पर एक लाग बुक बनाना सुनिश्चित किया जाए। जिससे गोवंश के आने भूसा आदि का अंकन किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को गौशाला संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गोवंश संरक्षण को लेकर सभी गौशालाएं प्रभावी रूप से संचालित की जाए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित कई अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# यूपी पुलिस में बंपर भर्ती; दारोगा-प्लाटून कमांडर के लिए इस माह से शुरू होगी प्रक्रिया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद अब पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड नई भर्तियों की तैयारी में जुट गया है। अगली बड़ी प्रक्रिया उपनिरीक्षक (दारोगा) के 4,534 पदों पर भर्ती को लेकर शुरू हो चुकी है। बोर्ड ने परीक्षा कराने वाली एजेंसी के चयन सहित अन्य जरूरी प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं। उम्मीद की जा रही है कि अप्रैल माह के अंत तक भर्ती की विज्ञप्ति जारी कर दी जाएगी।

### प्लाटून कमांडर के 60 पदों पर भर्ती प्रस्तावित है

इन 4,534 पदों में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के 4,242 पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त महिला पीएसी इकाइयों के लिए उपनिरीक्षक के 106 पद (बदायूं, गोरखपुर, लखनऊ), प्लाटून कमांडर/उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस के 135 पद, और विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) में उपनिरीक्षक/प्लाटून कमांडर के 60 पदों पर भर्ती प्रस्तावित है।

# नगर निगम द्वारा बनने वाले बायोगैस प्लांट को लेकर मंडलायुक्त ने मौके का स्थलीय किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर स्थित अमौसी में नगर निगम द्वारा बनने वाले बायोगैस प्लांट को लेकर मंडलायुक्त ने बुधवार को मौके का स्थलीय निरीक्षण किया। राजधानी लखनऊ में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की दिशा में यह एक बड़ी पहल बतायी जा रही है। बताते हैं कि नगर निगम ने सरोजनीनगर के अमौसी ग्राम में 7.5 एकड़ भूमि जेबीएम कंपनी को बायोगैस प्लांट स्थापना के लिए दी है। इस प्लांट में कान्हा गौशाला समेत नगर निगम की गौशालाओं से निकलने वाले गोबर और मंडियों के वेजिटेबल वेस्ट से बायोगैस बनाई जाएगी। इसी को लेकर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने आज प्लांट स्थल का निरीक्षण कर जेबीएम कंपनी के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने बताया कि इस भूमि पर पहले कुछ विवाद था। लेकिन अब टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह भूमि सदन से पारित हो चुकी है। मंडलायुक्त ने जेबीएम कंपनी को निर्देश दिए कि वह साइट पर स्पष्ट साइनबोर्ड लगाए। साथ ही शासन द्वारा की जाने वाली लीज डीड की प्रक्रिया को जल्द पूरा करे। अधिकारियों की माने तो राज्यपाल द्वारा जल्द ही इस परियोजना का भूमि पूजन किया जाएगा। आज हुए मंडलायुक्त के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव और जेबीएम कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रालोद राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने उन्नाव में सक्रिय सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयन्त चौधरी के निदेर्शानुसार आज चौधरी चरण सिंह अतिथि गृह जनपद उन्नाव में राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे द्वारा पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारम्भ किया गया सदस्यता अभियान समारोह से पहले श्री दुबे ने भारत रत्न स्व चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबेने जिलाध्यक्ष सुभाष यादव क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राकेश सिंह क्षेत्रीय महामंत्री राजेश सिंह ग्राम प्रधान सतीश त्रिपाठी को सदस्यता ग्रहण करायी। अनिल दुबे ने कहा कि पार्टी द्वारा 14 अप्रैल 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक सघन सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक पार्टी संगठन का चुनाव सम्पन्न होगा।

अतिथि गृह में पत्रकारों से वार्ता करते हुये राष्ट्रीय महासचिव श्री दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयन्त चौधरी ने अम्बेडकर जयन्ती से सदस्यता अभियान शुरू करने की घोषणा की है उसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूँ। राष्ट्रीय लोकदल बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर, चौधरी चरण सिंह, चौधरी अजित सिंह,सरदार पटेल के विचारों पर चलने वाला दल है क्योंकि सभी ने सामाजिक समरसता व हर वर्ग के शोषित वंचित तबकों के लिए आजीवन संघर्ष किया।

श्री दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसी भी कीमत पर सामाजिक ताने बाने को बिगड़ने नहीं देगा। किसानों तथा समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ राष्ट्रीय लोकदल खड़ा है। उनके हितों और हकों की लड़ाई के लिए संघर्ष करता रहेगा। आज पत्रकारों से बातचीत मे कहा कि दुकानों पर नाम लिखे जाने एवं सड़क पर नमाज न अदा किये जाने के जिला प्रशासन के फैसले का विरोध सबसे पहले राष्ट्रीय लोकदल ने किया। उन्होंने कहा कि जो काम कांग्रेस पिछले 40 वर्षों में नहीं कर पाई देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर वह काम कर देश के किसानों को सम्मान दिया।

राष्ट्रीय लोकदल प्रोफेसनल मंच के अध्यक्ष अंबुजा पटेल ने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों के लिए योजना बनाकर कार्य कर रही हैऔर युवाओं के लिए जयंत चौधरी जी पूरे देश में रोजगार दिलाने में लगे है उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। श्री दुबे ने आदित्य लोधी, जगजीवन भंवर सिंह,सत्यपाल सिंह पी के अवस्थी जे पी शर्मा एडवोकेट, अखिलेश, अशोक, उपेन्द्र नाथ पाण्डे मनीष तिवारी राम गोपाल यादव संतोष कुशवाहा चंद्र कुमार पाल नंदलाल लोधी सहित सैकड़ों लोगों को सदस्यता ग्रहण कराई। कार्यक्रम में सुमित सिंह मुकेश वर्मा लियाकत अली अब्दुल मन्नान अरुण खरे आदि पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की मौत, दो घायल

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार तीन शटरिंग मजदूर घायल हो गए। सूचना के बाद पुलिस ने सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां एक की मौत हो गई। जबकि दो को ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। बताते हैं कि सरोजनीनगर के गौरी बाजार में किराए पर रहकर शटरिंग मजदूरी करने वाले सीतापुर के अनिल कुमार (28), उन्नाव जिले के बांगरमऊ निवासी चंदन (30) और सीतापुर के ही गौतम (28) मंगलवार रात करीब 11 बजे बिजनौर चौराहे की ओर से स्कूटर इंडिया - बिजनौर रोड होते हुए एक ही बाइक से वापस गौरी आ रहे थे। तभी स्कूटर इंडिया - बिजनौर रोड पर अमर मिलन लॉन के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना बिजनौर पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा ने गंभीर रूप से घायल तीनों को आनन फानन अपनी ही गाड़ी से सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने अनिल को मृत घोषित कर दिया। जबकि चंदन और गौतम को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने अनिल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि दोनों घायलों का ट्रामा सेंटर में इलाज जारी है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार चाचा भतीजे की मौत

**अमन लेखनी समाचार**





सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बुधवार को तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गए। दोनों एक तिलक समारोह से वापस लौट रहे थे। सूचना के बाद पुलिस ने दोनों को सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। वहीं पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए ट्रामा सेंटर भेज दिया है। बंथरा के खाण्डे देव गाँव निवासी राजित उर्फ बाबू लोधी (40) मजदूरी करते थे और उनके चाचा लल्लन राजपूत (50) किसान थे। दोनों मंगलवार रात एक ही बाइक से राजधानी स्थित नाका थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में अपने फुफेरे भाई गोलू के तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। जहां से दोनों एक ही बाइक से बुधवार सुबह वापस अपने घर लौट रहे थे। सुबह करीब 9 बजे दोनों बाइक से सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित सनी टोयोटा एजेंसी के पास पहुंचे। तभी तेज रफ्तार ट्रक (यूपी 78 सीएन 0965) ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आनन फानन दोनों को सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बाद में दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर घटना के बाद ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। मृतक बाबू के परिवार में उनकी पत्नी उमा के अलावा विवाहित बेटी सपना और अविवाहित बेटी कोमल व दो बेटे शिवम और लवकुश हैं। जबकि लल्लन के परिवार में दो बेटे अंकित और करन हैं।

# यूपी में पायरिला-टॉप बोरर कीट के संक्रमण से गन्ना उत्पादन हो सकता है प्रभावित

### जांच को टीम गठित

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। गन्ने की फसल पर कीटों के प्रकोप के चलते उत्पादन घटने की आशंका खड़ी हो गई है। फसल में पायरिला और टॉप बोरर का संक्रमण हो रहा है। गन्ना एवं चीनी आयुक्त प्रमोद कुमार उपाध्याय ने वैज्ञानिकों की त्रिस्तरीय टीम गठित कर रिपोर्ट मांगी है। आयुक्त बनाए जाने के बाद बुधवार को प्रमोद कुमार उपाध्याय ने कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद हुई विभागीय बैठक में बताया गया कि प्रदेश में पेड़ी गन्ना और शरदकालीन बोआई के बाद पौधा फसल में पायरिला एवं टॉप बोरर का संक्रमण सामने आ रहा है।

### मेरठ और सहारनपुर क्षेत्र अधिक प्रभावित

मेरठ और सहारनपुर क्षेत्र में अधिक प्रभाव बताया जा रहा है और किसानों को उत्पादन प्रभावित होने की आशंका सता रही है। आयुक्त ने बताया कि टाप बोरर, पायरिला व अन्य कीटों, लाल सड़न, बिल्ट, पोक्का बोइंग आदि रोगों के बचाव व प्रभावी नियंत्रण के लिए त्रिस्तरीय टीम का गठन किया गया है। परिक्षेत्रीय उप गन्ना आयुक्त अपने-अपने परिक्षेत्र के लिए गठित टीमों से समन्वय कर प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कराएंगे। टीमें रोगों के बचाव आदि के संबंध में अपनी संस्तुति 15 दिन में देंगीं और उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### स्टेयरिंग फेल होने से ट्रक जाली तोड़कर खेत में गिरा, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हादसा हुआ। बहलोलपुर गांव के पास किलोमीटर संख्या 229 पर एक तेज रफ्तार ट्रक का स्टेयरिंग अचानक फेल हो गया। ट्रक बेकाबू होकर एक्सप्रेसवे की सुरक्षा जाली को तोड़ते हुए खेतों में जा गिरा।हादसे में ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मेरठ के बहरोल गांव के रहने वाले चालक जिशान और परिचालक राहत गंभीर रूप से घायल हो गए। यूपीडा के कर्मचारियों ने दोनों घायलों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया। क्षतिग्रस्त ट्रक को क्रेन की मदद से हटाकर एक्सप्रेसवे पर यातायात सुचारू कर दिया गया है।

### पेड़ पर चढ़कर सुखी लकड़ी तोड़ रहा युवक नीचे गिरा, मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र न्योतनी कस्बा अंबेडकर नगर मोहल्ला निवासी बुद्धि लाल 40 वर्ष, बुधवार दोपहर जामुन के पेड़ पर सूखी लकड़ी तोड़ रहा था, तभी युवक का पैर फिसल जाने से नीचे गिरते ही गंभीर रूप से घायल हो गया पास खेतो में काम कर रहे कस्बे के लोगो ने परिवार को सूचना कर घायल को सीएससी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पांच पुत्री सहित पत्नी सुनीता का रो-रो कर बुरा हाल है घटना की जानकारी होते ही एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय ने लेखपाल को भेज कर जांच रिपोर्ट मांगी, कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ल ने बताया कि युवक की मौत हुई है ,जांच की जा रही है।

### भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र का वर्णन

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, लालगंज क्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। ऐहार गांव स्थित प्रसिद्ध बालेश्वर महादेव शिव मंदिर के पास ऋषि आश्रम में कथा का आयोजन किया गया है। कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित झिलमिल महाराज ने ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाया। उन्होंने वामन अवतार और राजा बलि की कथा का भी वर्णन किया। इसके साथ ही प्रभु श्री राम के जन्म, हर्निया कश्यप और प्रहलाद का प्रसंग भी सुनाया। भगवान शंकर के अयोध्या आगमन की कथा का मार्मिक वर्णन भी किया गया। कथा श्रवण के दौरान उपस्थित सभी श्रोता भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम में कीर्ति मनोहर शुक्ला, पप्पू मिश्रा, राज किशोर सिंह बघेल, इंद्रनाथ, शिवबरन, अनुराग, आशीष, शिवगोपाल गुप्ता, रमेश माली, सत्यम गुप्ता, राजू तिवारी, अभिषेक और कपिल द्विवेदी सहित अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

# डीएम व सीडीओ की मौजूदगी में जीरो पावर्टी योजना की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा की उपस्थिति में जीरो पॉवर्टी योजना की समीक्षा की गयी। जीरो पॉवर्टी योजना/अभियान उत्तर प्रदेश को भारत का पहला जीरो पॉवर्टी स्टेट बनाने की मुहिम है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में अत्यंत गरीब परिवारों की पहचान करना और विभिन्न विभागों के प्रत्यक्ष लाभ हस्तान्तरण को सक्रिय रूप से चैनलाइज कर परिवार की वार्षिक आय को रू0 1.25 लाख तक लाना है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, योगी आदित्यनाथ द्वारा यह अभियान 02 अक्टूबर 2024 से शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य 01 वर्ष के भीतर राज्य में गरीबी को मिटाना है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने हेतु जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 25 सबसे गरीब परिवारों की पहचान करायी गयी है। प्रत्येक परिवार को गरीबी मुक्त करने के लिए सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराया जाएगा। इसके लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पात्र परिवारों की पहचान सही से करें और योजनाओं का समावेश इस प्रकार कराएं ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। बैठक में परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला प्रोबेश अधिकारी क्षमानाथ राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी राज बाहदूर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# थाने को मिला आईएसओ 9001 2015 सर्टिफिकेट, डिजिटल सुविधाओं से लैस

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाने ने पुलिसिंग के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित किया है। थाने को उत्कृष्ट सेवाओं और आधुनिक सुविधाओं के लिए आईएसओ 9001:2015 सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है।एसपी दीपक भूकर के नेतृत्व में थाने में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।स्वच्छता को विशेष प्राथमिकता दी गई है।साथ ही फरियादियों के लिए पानी और गुण की व्यवस्था की गई है.जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। थाने में डिजिटल रिकॉर्डिंग, सीसीटीवी कैमरे और ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए जनता से संवाद को बढ़ावा दिया जा रहा है। थाने में नन्हे फरिश्ते रूम की भी शुरूआत की गई है।नन्हे फरिश्ते का उद्देश्य महिला कांस्टेबल या फरियादी के बच्चों को घर जैसा वातावरण पुलिस स्टेशन में प्रदान करने की सुविधा दी गई है।एसपी दीपक भूकर के अनुसार, फरियादियों की सुविधा के लिए थाने में जगह-जगह मार्गदर्शक स्टीकर लगाए गए हैं।एसपी दीपक भूकर ने कहा कि जल्द ही जिले के अन्य थानों को भी इसी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश पुलिस के अप कॉप एप के बारे में पुलिस की वेबसाइट के बारे में भी पोस्टर और बैनर से सुसज्जित किया गया है।साथ ही जनता के अधिकारों एवं उनके प्रार्थना पत्र के गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण की अवधि आदि की भी जानकारी प्रदर्शित की गई है।इस अवसर पर एडिशनल एसपी प्रेमचंद कुमार, क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार चौरसिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिसिंग में आए इस सकारात्मक बदलाव का स्वागत किया है।

# पिकअप व बाइक की टक्कर में युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। उन्नाव-संडीला रोड पर बुधवार सुबह 7:30 बजे एक सड़क हादसा हुआ। कस्बा औरास स्थित पेट्रोल पंप के सामने पिकअप और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाइक सवार श्रीकांत (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वह ग्राम धान मऊ छरेहटी के रहने वाले थे। दूसरे बाइक सवार मनोज अग्निहोत्री (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से उन्हें औरास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से उन्हें उन्नाव जिला अस्पताल रेफर किया गया। बता दे कि परिजन मनोज को बेहतर इलाज के लिए संडीला के सिंह हॉस्पिटल ले गए। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत नाजुक है। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर औरास थाने में रखा है। मृतक श्रीकांत का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे से श्रीकांत के परिवार पर दोहरी मार पड़ी है। उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है। एक बेटी की शादी हो चुकी है। दो साल पहले कोरोना काल में उनकी पत्नी सीमा की मौत हो चुकी थी। अब पिता की मौत से बच्चे अनाथ हो गए हैं। गांव में शोक छाया हुआ है। लोग इन मासूम बच्चों की देखभाल को लेकर चिंतित हैं। स्थानीय लोग प्रशासन से परिवार की मदद की मांग कर रहे हैं।

# कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, ईडी के दुरुपयोग के खिलाफ दिया धरना

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। कांग्रेस कार्यकताओं ने लोकतंत्र की रक्षा और ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यालय के बाहर हो रहे इस धरने का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा कर रहे हैं। कार्यकताओं ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि ईडी का उपयोग विपक्षी दलों को दबाने के लिए किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने ₹लोकतंत्र पर हमला बंद करो₹ और ₹तानाशाही नहीं चलेगी₹ जैसे नारे लगाए। लोकतंत्र पर हमला बंद कर ईडी का दुरुपयोग बंद करो जिला/शहर कॉंग्रेस कमेटी, उन्नाव नहीं झुकी है, नहीं झुकेगी तानाशाही से कांग्रेस लड़ेगी उन्नाव में कांग्रेस कार्यकताओं ने की है। बता दे की जिलाध्यक्ष कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस किसी भी हालत में नहीं झुकेगी। उन्होंने सरकार पर ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्यकताओं से शांति बनाए रखने की अपील की। उल्लेखनीय रही। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास नहीं रोका तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। जिला और राज्य स्तर पर आंदोलन की योजना बनाई जा रही है।

# अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय तहसील के अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा। ज्ञापन में वक्फ संशोधन बिल 2025 को वापस लेने की मांग उठाई है।अधिवक्ता रामपाल यादव, विनोद यादव, अमित यादव, कृष्णकांत, योगेश कुमार, मुजम्मिल अहमद, महमूद आलम व शादाब खान आदि अधिवक्ताओं द्वारा उपजिलाधिकारी शुभम यादव को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि वक्फ संशोधन बिल 2025 पारित होने के बाद से देश के अल्पसंख्यक (मुस्लिमों) में काफी चिंता और आक्रोश देखा जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदू और मुसलमानो की बराबर की भागीदारी रही है। भारतीय संविधान में देश के सभी वर्गों को बराबर का अधिकार है। लेकिन केंद्र सरकार द्वारा जल्दबाजी में मुसलमानो को विश्वास में लिए बगैर वक्फ संशोधन बिल लाया गया है। जिससे मुसलमानों में भय, बेचैनी और आक्रोश है। ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा पुनः विचार करके वक्फ संशोधन बिल को वापस लेने की मांग उठाई गई है।

# दीवार ढहने से दो सगे भाइयों की मौत, एक बच्चा गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कोतवाली सदर क्षेत्र अंतर्गत पीतांबर नगर मोहल्ले में मंगलवार की शाम एक पुरानी कच्ची दीवार ढहने से तीन मासूम बच्चे मलबे में दब गए। इस हादसे में दो सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के वक्त तीनों बच्चे दीवार के पास खेल रहे थे तभी अचानक दीवार भरभराकर गिर गई। मलबे में दबे बच्चों को स्थानीय लोगों ने फौरन बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने 9 वर्षीय प्रियांशु को मृत घोषित कर दिया, जबकि आदित्य 14 वर्षऔर सरस 11 वर्ष को गंभीर हालत में हैलट अस्पताल कानपुर रेफर किया गया।ण्दूसरे दिन एक और मौत से टूटा परिवार बुधवार सुबह इलाज के दौरान आदित्य की भी मौत हो गई। इस हादसे में प्रियांशु और आदित्य दोनों सगे भाइयों की मौत हो गई है। तीसरा बच्चा सरस अस्पताल में भर्ती है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।मुन्ना के दो बेटों की मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है मोहल्ले में मातमी सन्नाटा है और स्थानीय लोग बेहद गमगीन हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनातकिया गया है। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, और लापरवाही की पुष्टि होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अंडर-16 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल के दूसरे चरण में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सत्र 2025-26 हेतु अंडर-16 जनपदीय ट्रायल के दूसरे चरण के अंतर्गत आज खेले गए सलेक्शन मैच में लगभग 36 खिलाडियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी, विकेट कीपिंग, के कौशल का प्रदर्शन किया जिसे चयनकर्ता नवीन सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव व ओम मिश्रा ने बारीखी से परखा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा ने बताया कि चयन प्रक्रिया के अंतर्गत दूसरा सलेक्शन मैच कल दिनांक 17 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

# वृहद मार्ग दर्शन शिविर का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला सेवायोजन कार्यालय, उन्नाव एवं भारतीय वायुसेना, कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), उन्नाव में अग्निवीर वायु के सम्बन्ध में वृहद मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी, गौरांग राठी आई0ए0एस0 द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया साथ ही छात्र/छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य व जीवन में सफलता हेतु अनुशासन व शतत परिश्रम पर विशेष बल देते हुए प्रेरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी, प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन कर उत्साहवर्धन किया गया। मार्गदर्शन शिविर में भारतीय वायु सेना के विंग कमाण्डर आनन्द गुणशेखर व उनके स्टाफ द्वारा अग्निवीर वायु के चयन/उनके कार्यो/प्राप्त सुविधाओं आदि से सम्बन्धित आडियो विज्युवल माध्यम से राजकीय इण्टर कालेज बालक एवं बालिका के छात्र/छात्राओं को सम्यक जानकारी प्रदान की गयी।इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, अभ्युदय संस्थान, उन्नाव से अनुपम सिंह व राजकीय इण्टर कालेज (बालिका) उन्नाव की प्रधानाचार्या आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अन्त में जिला सेवायोजन अधिकारी, प्रीति चन्द्रा एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी, आस्था नें समस्त आमंत्रित अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा अतिथियों द्वारा बहुमूल्य समय प्रदान किये जाने हेतु आभार व्यक्त किया गया।

# पारिवारिक कलह के चलते महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पारिवारिक कलह के चलते महिला ने घर के अंदर कमरे में लगे पंखे के कुंडे में साड़ी का फंदा बना कर फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी अपनी लीला समाप्त कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतका के मायके से पहुंचे परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी कोतवाली क्षेत्र के बृजपालपुर गांव निवासी रामकुमारी 26 वर्ष पत्नी गुड्डू ने पारिवारिक कलह के चलते घर के अन्दर कमरे में पंखा वाले कुंडा से साड़ी का फंदा बना फांसी के फंदे पर झूल गई गई.जब पति घर आया तो उसे लटका देख उसके होश उड़ गए और पत्नी को फंदे से उतार कर एक निजी अस्पताल में ले गया जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया.घटना के समय मृतका का पति गुड्डू और ससुर रामशंकर और ननद सीता गेहूं की कटाई करने खेत गए थे.वहीं मृतका के पति गुड्डू ने बताया है कि पत्नी दो वर्षीय बेटे शोभित को मामूली सी बात पर पीट दिया था जिसके चलते उसने पत्नी को फटकार लगाई थी जिसकी वजह उसने आत्म हत्या कर ली है मृतका का विवाह जुलाई माह सन 2021 में हुआ था. माखी थाना क्षेत्र के मोल्हे खेड़ा गांव निवासी मृतका के मायके पक्ष से पहुंचे परिजनों ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पति सहित ससुराली जनों पर हत्या का आरोप लगाया है. मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लेकर शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है.वहीं मृतका के पिता रामनरेश ने उसके पति गुड्डू, ससुर रामशंकर व ननद सीता पर दहेज के नाम पर मांगे गए 4 लाख रुपयों की मांग पूरी न करने पर बेटी के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर देने का आरोप लगाया है.

# चकमार्ग पैमाईश के दौरान लेखपाल से अभद्रता

## दबंगों ने फाड़े दस्तावेज, महिला पर गिरेबान पकड़ने का आरोप; एफआईआर दर्ज

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, चकमार्ग की पैमाईश के दौरान दबंगों ने राजस्व टीम पर हमला कर दिया। कलान तहसील के लेखपाल योगेश कुमार तिवारी शिकायत के बाद मिजार्पुर गांव पहुंचे थे। पैमाईश के समय धर्मेंद्र उर्फ मंजू और संजू ढपली ने हमला करने की कोशिश की। उन्होंने फावड़े और लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया। आरोपियों ने भू अभिलेख, खसरा और शिकायत पत्र को फाड़ दिया। राजस्व टीम को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा। इस दौरान एक महिला ने लेखपाल का गिरेबान पकड़ लिया। हमले में लेखपाल की सोने की चेन टूट गई। पुलिस ने राजस्व टीम को सुरक्षित थाने पहुंचाया। मौके से पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच जारी है।

# बिना मान्यता के चल रहे 6 स्कूल

## बीएसए कार्यालय से निदेशालय को भेज दी शून्य रिपोर्ट, लिपिक के निलंबन के निर्देश

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर, शिक्षा विभाग में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निरीक्षण के दौरान जब्त की गई फाइलों से बीएसए कार्यालय की पोल खुल गई। कार्यालय ने निदेशक को गलत जानकारी देकर बताया था कि जिले में एक भी स्कूल बिना मान्यता के नहीं चल रहा है। डीएम ने जब गहन जांच कराई तो छह स्कूल बिना मान्यता के चलते पाए गए। इनमें अल्हागंज के दक्ष इंटरनेशनल स्कूल, मार्डन पब्लिक स्कूल और क्वीन मेरी मानटेसरी स्कूल शामिल हैं। जलालाबाद में सद्भावना एजुकेशन एकेडमी, श्री ब्रजपाल सिंह इंटर कालेज बझेड़ा और विद्यादेवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल भी बिना मान्यता के संचालित हो रहे थे। यह मामला 7 अप्रैल को सामने आया, जब डीएम ने बीएसए कार्यालय का निरीक्षण किया। वरिष्ठ लिपिक राजेश कुमार मान्यता संबंधी रजिस्टर नहीं दिखा पाए। जलालाबाद बीईओ ने इन स्कूलों के बारे में पहले ही रिपोर्ट दी थी। फिर भी वरिष्ठ लिपिक ने कोई कार्रवाई नहीं की और 9 सितंबर 2024 को निदेशक को गलत सूचना दे दी। डीएम ने वरिष्ठ लिपिक को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण शाखा के जिला समन्वयक आलोक मिश्रा को भी सही जानकारी न देने पर सेवा समाप्ति के आदेश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि मामले की जांच जारी है और जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# मनरेगा में सतत सुधार की जरूरत

संविधान निर्माता और अर्थशास्त्री डा. भीमराव आंबेडकर की आज जयंती है। डा. आंबेडकर ने अपने अर्थशास्त्रीय चिंतन में गरीबी उन्मूलन के लिए आमदनी के स्थाई स्त्रोत के निर्माण की अवधारणा रखी थी। इसके लिए उन्होंने स्टेट सोशलिज्म का सिद्धांत दिया था, जिसमें राज्य द्वारा हर परिवार को बिना भेदभाव स्थाई आजीविका उपलब्ध कराने की बात है। आंबेडकर को मानने वाले नेता, राजनीति और सत्ता, किसी ने भी स्थाई रोजगार सृजन की ओर ध्यान नहीं दिया। आंबेडकर को मानने वाले बौद्धिक व चिंतक वर्ग ने भी कभी देश में रोजगार सृजन के स्थाई स्त्रोत निर्माण को अपने विमर्श का केंद्र नहीं बनाया। राजनीतिक और बौद्धिक उदासीनता ही है कि डा. आंबेडकर के जातिमुक्त समाज के सपने को साकार करने की दिशा में अब तक किसी ने भी प्रयास नहीं किया। डा. आंबेडकर के स्टेट सोशलिज्म का लक्ष्य बिना भेदभाव सभी नागरिकों का सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक उत्थान कर उनको आत्मनिर्भर बनाना है। यह लक्ष्य अब भी अधूरा है। वर्ष 2005 में जब संसद से मनरेगा विधेयक पास हुआ था, तो रोजगार सृजन की एक पहल की गई थी। 2006 में 200 जिलों में और वर्ष 2008 में समूचे देश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू हुआ था। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र में इच्छुक अकुशल श्रमिकों को सौ दिन की रोजगार गारंटी देने का प्रावधान किया गया था। संसदीय समिति ने मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये व वर्ष 100 दिन के बदले 150 दिन रोजगार देने की सिफरिश की है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की जो आज स्थिति है, उसमें यह सिफारिश उचित है। सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं, लेकिन सरकार की अधिकांश योजनाएं नागरिकों को सक्षम व समर्थ बनाने के बजाय फ्रीबिज की तरह हैं, जो नागरिकों को वित्तीय मदद तक सीमित रखता है, उनका सक्षम मानव बल के तौर पर निर्माण नहीं होता है। मौजूदा व्यवस्था में भी अगर सभी सरकारी वेल्फेयर योजनाओं को मिलाकर केवल रोजगार सृजन योजना ही चलाई जाए तो भी कुछेक साल में गरीबी उन्मूलन हो जाएगा, जो डा. आंबेडकर का सपना साकार करने वाला कदम होगा। इसलिए मनरेगा समेत अन्य रोजगारपरक योजनाओं को मजबूत करने की जरूरत है, तभी देश विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकेगा। राष्ट्र के सभी नागरिकों को आर्थिक सृजन में शामिल करना जरूरी है। मनरेगा इसमें सहायक है, लेकिन मनरेगा से जुड़ी योजना की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र सर्वेक्षण किया जाना चाहिए व उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप दिया जाना चाहिए। वर्ष 2021-22 में लगभग 50.31 लाख जॉब कार्ड मामूली वर्तनी संबंधी त्रुटियों या आधार विवरण से विसंगति के कारण समाप्त कर दिए गए थे। ऐसा नहीं होना चाहिए। जॉब कार्ड निर्माण होते रहना चाहिए। मनरेगा में सतत सुधार व सोशल ऑडिट होते रहना चाहिए, बजट की कमियों को दूर किया जाना चाहिए, जवाबदेही निश्चित की जानी चाहिए, जाति आधारित भेदभाव दूर होना चाहिए, संपत्ति निर्माण पर जोर देना चाहिए व इसे कदाचार से भी मुक्त करना चाहिए। मनरेगा के तहत अमृत सरोवर, जलदूत ऐप व लोकपाल ऐप अच्छी पहल हैं, इसे और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मनरेगा को कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ा जाना चाहिए। मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्र के लिए भी रोजगार गारंटी कार्यक्रम लाया जाना चाहिए।

## विमर्श

डॉ. घनश्याम बादल



# आंबेडकर के सपनों को साकार करे राष्ट्र

आंबेडकर का राजनीतिक दर्शन भारतीय राजनीति और समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला रहा है। उनका दर्शन सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित था। आंबेडकर का मानना था कि जब तक समाज में छुआछूत, जातिवाद और असमानता बनी रहेगी, तब तक लोकतंत्र केवल एक दिखावा होगा। उन्होंने सामाजिक समानता को राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज़्यादा महत्वपूर्ण माना। भारतीय संविधान के शिल्पकार ने संविधान में नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता, शिक्षा, रोजगार और न्याय की गारंटी प्रदान करवाई। उनका विश्वास था कि संविधान के जरिए सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। आंबेडकर ने लोकतंत्र को केवल राजनीतिक प्रणाली ही नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का तरीका माना। आंबेडकर राज्य को समाज में सकारात्मक हस्तक्षेप करने वाला मानते थे। उनका मानना था कि राज्य को शोषित वर्गों के उत्थान के लिए आरक्षण, शिक्षा और सामाजिक सुधार जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। आंबेडकर के लिए धर्म व्यक्तिगत आस्था रही लेकिन सामाजिक न्याय के विरोध में खड़े धर्म का वे विरोध करते थे। उन्होंने अंततः बौद्ध धर्म को अपनाया, जो उनके राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से मेल खाता था। उनका अंतिम लक्ष्य ऐसा भारत था जहां जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। आज भी आंबेडकर का नाम दलित वोटों को किसी चुंबक की तरह खींचता है। आंबेडकर के बाद कितने ही दलित नेता आए लेकिन आंबेडकर जैसा तिलिस्म कोई नहीं खड़ा कर पाया, न जगजीवन राम और न कांशीराम या रामविलास पासवान और न ही मायावती स्वयं को आंबेडकर में बदल पाए। आंबेडकर जयंती मनाने व उनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर देने से दलित वर्ग भले ही खुश हो, मगर आंबेडकर के साथ जीते जी जो व्यवहार हुआ और मृत्यु के पश्चात भी उन पर जिस तरह उंगलियां उठाई गई, उससे आंबेडकर के प्रति राजनीतिक दलों एवं सरकारों के रवैये एवं उनकी कथनी-करनी के अंतर का साफ पता चलता है। गरीब दलित परिवार में पैदा हो, फर्श से अर्श का सफर तय करने वाले आंबेडकर भारतीय संविधान के जनक तो हैं ही आज भी सोशल इंजीनियरिंग की धुरी हैं। भीमराव आंबेडकर के चिंतन पर भी बहस की पर्याप्त गुंजाइश है। आंबेडकर की उंगली उठाए हुए लगाई गई प्रतिमाएं जहां समाज एवं सरकारों की मंशा पर उंगली उठा रही लगती हैं, वहीं स्वयं उन पर भी आजीवन उंगलियां उठती रही। तब भी जब आंबेडकर का चुनाव संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में किया जा रहा था और तब भी जब उनके बनाए कानूनों को दुनिया अचरज भरी नज़र से देख रही थी और तब भी जब उन्हें देश में आरक्षण के नाम पर चल रहे दंगों के लिए सबसे बड़ा गुनहगार बताया जा रहा था और जब उन्हें देश के दलित वर्ग का 'मसीहा' कहा जा रहा था और तब भी जब उन्हें 'पैर की जूती' कह लांछित किए जाने वाले दलित वर्ग को सिर माथे पर बिठाने का दोषी माना जा रहा था। इतना ही नहीं, जब उन्होंने हिंदू धर्म को त्याग कर बौद्ध धर्म स्वीकार किया तब भी उनके इस निर्णय पर बहुत पैनी एवं कठोर मुद्रा वाली उंगलियां उठीं थी। दलितों के मसीहा भीमराव, आज़ाद हिंदुस्तान के गरीब, वंचित व दलित समाज के श्रद्धापात्र 'भीम' भारत के साथ ऐसे जुड़े हैं कि भीम और भारत को अलग करना संभव ही नहीं लगता है। आज डा. आंबेडकर के नाम से वोटों की फसल काटने वाले तो बहुत हैं पर उनके दिखाए रास्ते पर कम ही चलते हैं। इसी वजह से आंबेडकर का दलित-पिछड़ों के समन्वय का सपना आज भी अधूरा है। दलित अभी भी त्रस्त हैं और जब तक उन्हें गरीबी की रेखा से ऊपर नहीं लाया जाता, उनके लिए समाज के दूसरे वर्गों में सम्मान व बराबरी का भाव नहीं आ जाता, तब तक आंबेडकर का 'मिशन बराबरी' का स्वप्न पूरा नहीं होगा। अंतिम समय में उन्होंने जातिगत आरक्षण का विरोध भी किया था।

# जलवायु परिवर्तन, सांस के लिए हवा भी नही मिलेगी


संजीव ठाकुर



वर्तमान में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़, अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं। विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है। इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है। विश्व में कुछ देश ऐसे हैं जिनमें जिंबाब्वे, सीरिया, लीबिया, सोमालिया तथा अधिकांश अफ्रीकी देश, दक्षिण एशियाई लैटिन अमेरिकी देशों में भोजन, रोटी के लिए लंबी-लंबी लाइन लगती देखी गई है। दूसरी तरफ विकसित और अमीर देशों में भी लाइन लगती है, लेकिन वहां पर विडंबना यह है कि यह लाइन रोटी के लिए नहीं बल्कि आईफोन, स्मार्टफोनऔर गैजट्स के लिए लगाई जाती है।

अनेक गरीब देशों में सबसे बड़ा संकट विकास बनाम पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लेकर सामने आया है। जहां यह देश विकास की इच्छा तो रखते हैं पर दूसरी और विकसित देश गरीब देशों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दे कर इनके संसाधनों पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं। जिससे इनके अस्तित्व तथा संप्रभुता पर गहरी चोट लगती है। यह एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। विकासशील देशों को पर्यावरण संरक्षण जैसी बातें गरीबी के सामने एक चुनौती के रूप में दिखाई देती है। यदि ये देश भुखमरी, गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसे समस्याएं को सुलझाना चाहते हैं तो दूसरी तरफ पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलन बिठाना कठिन हो जाता है। आज विकसित देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अन्य अमीर यूरोपीय देश पर्यावरण संतुलन की बात तो करते हैं पर जहां तकनीकी मदद या संरक्षण की बात को तो यह अपना हाथ पीछे खींचने में भी नहीं चुकते हैं। गरीब तथा विकासशील देश जब भी विकास को प्राथमिकता देने का प्रयास करते हैं तो इसके परिणाम स्वरूप पर्यावरण को क्षति होना लाजमी होता है। इसके अलावा इन्हें वैश्विक महाशक्तियों के दबाव भी झेलने पड़ते हैं। गरीब देशों के उत्पादों को खरीदने में बड़े बाजार या यूं कहें कि विकसित राष्ट्र गुणवत्ता की कमी, तकनीकी कमी कहकर तिरस्कृत तथा वापस करने से नहीं चूकते हैं। इस मामले में विकसित राष्ट्र का विकासशील, गरीब राष्ट्र के बीच एक गहरी खाई बन चुकी है और संयुक्त राष्ट्र संघ मूकदर्शक बना इस मामले में हाथ में हाथ धरे बैठा रहता है। बड़ी जनसंख्या वाले देश जैसे भारत इंडोनेशिया एवं एशिया के अन्य देश विकसित राष्ट्रों के लिए एक बड़ा बाजार जरूर है, पर वहां पर भूखमरी और जलवायु परिवर्तन के मामले में ये सभी बड़े तथा विकसित राष्ट्र खामोश रहते हैं। विकासशील तथा निर्धन देशों में गरीबी, भुखमरी तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण गृह संघर्ष, जातीय संघर्ष, मानव अधिकार उल्लंघन, शरणार्थी समस्या, उग्रवाद, आतंकवाद आदि गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं और और इनकी स्थितरता में बड़ी कमी आई है। पिछले विगत कुछ समय एक घटनाक्रमों से शरणार्थी संकट ग्रह संघर्ष के विस्थापन अकाल बाढ़ तथा आतंकवाद में चिंताजनक वृद्धि हुई है, और यह सब पूरे विश्व के लिए चुनौती बन गया है। यह अलग बात है कि विकासशील राष्ट्रों की कमजोर क्षमता के कारण यह चुनौती उन देशों को बड़ी विकराल लगती है क्योंकि इससे पूंजीगत संसाधनों में बड़ी क्षति होती है जिस का संतुलन करना वहां की सरकारों पर बहुत भारी पड़ जाता है। गरीबी रेखा के नीचे लोग ज्यादा जीवन यापन करने लगते हैं। वैश्विक स्थिति का अध्ययन करें तो गरीबी भूखमरी जलवायु परिवर्तन से लड़ना किसी एक देश के लिए संभव प्रतीत नहीं होता, क्योंकि यह वैश्विक समस्या है। इसे सम्मिलित रूप से ही प्रयास कर समाप्त किया जा सकता है। यह तो तय है कि विकासशील राष्ट्रों को उन्नत बनाने तथा विकसित करने में बड़े तथा सक्षम राष्ट्रों को इन छोटे तथा गरीब देशों की तकनीकी विज्ञान और पूंजीगत सहायता प्रदान करनी चाहिए। अपने महंगी खचीर्ली परमाणु तथा अणु बम तथा मिसाइल बनाने की योजनाओं को एक तरफ रख विकासशील राष्ट्रों की खुलकर मदद करनी चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में ही वैश्विक भुखमरी गरीबी एवं जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटा जा सकता है। भारतीय संदर्भ में यह जरूर कहा जा सकता है कि विगत 10 वर्षों में जलवायु परिवर्तन तथा गरीबी उन्मूलन पर बहुत ज्यादा प्रयास कर नई नई योजनाएं बनाई गई हैं। जैसे राष्ट्रीय हरित मिशन, राष्ट्रीय सतत पर्यावास मिशन, राष्ट्रीय ऊर्जा संवर्धन मिशन पर बहुत सारी योजनाये बनाकर कार्य किया गया है। भारत देश अपनी योजनाओं में छोटे विकासशील राष्ट्रों को भी शामिल किया है और उनकी खुलकर मदद कर रहा है, यह विकसित राष्ट्रों के लिए एक उदाहरण भी है कि उन्हें छोटे तथा गरीब राष्ट्रों को खुलकर मदद करनी चाहिए।

## यह मन का कमाल है



संकलित

दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है।

## कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति पर निष्ठा



संकलित

प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। लगभग यही हाल प्राइवेट अस्पतालों का भी है। – *मदन सैनी, बालोद*

## ट्रेंड

### बलिदानियों को नमन



जलियांवाला बाग नरसंहार भारत के स्वतंत्रता संग्राम का वह काला अध्याय है, जिसने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया। जलियांवाला बाग में शहीद हुए बलिदानियों को नमन करता हूँ। देश अमर बलिदानियों को सदा अपनी स्मृतियों में संजोए रखेगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### हिंदुओं का पलायन



मुर्शिदाबाद में जो कुछ हो रहा है, वह पश्चिम बंगाल सरकार की तुष्टीकरण की खतरनाक राजनीति का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसके कारण हिंदुओं को पलायन करना पड़ रहा है। ऐसी ही स्थिति कर्नाटक में भी पैदा हो सकती है।

-पी.सी. मोहन, भाजपा सांसद

### प्रार्थना के लिए शुक्रिया



सिंगापुर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद मेरे बेटे शंकर की हालत स्थिर है और उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है। संकट की इस घड़ी में प्रार्थना और समर्थन के लिये सभी लोगों का तहे दिल से शुक्रिया।

- पवन कल्याण, डिप्टी सीएम, आंध्र प्रदेश

### मंच का राजनीतिकरण



मैं खिलाड़ियों के साथ थी, हूँ और रहूँगी इसी तरह मैं पार्टी के साथ भी हूँ और आगे भी रहूंगी लेकिन जब किसी भी खिलाड़ियों के मंच का राजनीतिकरण होगा तो मैं वहाँ पर नहीं रहूँगी।

-बबीता फोगाट, भारतीय पहलवान

## करंट अफेयर


# मृत्युदंड देना इस्लाम का हिस्सा : तालिबान नेता



अफगानिस्तान में हत्या के एक मामले में दोषी ठहराए गये चार लोगों को गोली मारकर मौत की सजा देने के कुछ दिनों बाद तालिबान के एक नेता ने कहा कि मृत्युदंड इस्लाम का हिस्सा है। चारों दोषियों को शुक्रवार को एक खेल स्टेडियम में गोली मारी गयी और यह 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों को दी गई मौत की सजा है। अधिकार समूहों और संयुक्त राष्ट्र ने इस घटना की निंदा की है। तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने पूर्व में अफगानिस्तान में पश्चिमी कानूनों की जरूरत को खारिज कर दिया था।

## ऑफ बीट

# प्रयोगशाला में तैयार मांस को लेकर छिड़ी बहस



प्रयोगशाला में तैयार मांस को लेकर गरमागरम बहस होती है। समर्थक जलवायु और पशु कल्याण के लिहाज से इसे लाभदायक मानते हैं। वहीं, विरोधियों को फ्रेंकस्टीन भोजन (जीन संशोधित तकनीक से तैयार भोजन) की चिंता है जिसे वे जोखिम भरा और अप्राकृतिक मानते हैं। आपकी राय चाहे जो भी हो, मांसपेशियों के ऊतकों के बड़े टुकड़े बनाने की यह प्रौद्योगिकी तेजी से आगे बढ़ रही है। तथ्य यह है कि कृत्रिम मांस एक जीवित ऊतक के रूप में शुरू होता है, इसका मतलब यह है कि जैसे-जैसे यह बड़ा और बेहतर होता जाएगा, इसमें शामिल प्रौद्योगिकियों का चिकित्सा अनुसंधान पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है।

## संक्षेप

### बिस्किट व्यापारी से लूट करने वाले गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बिस्किट व्यापारी से हुई एक लाख रुपए की लूट का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लूट के 48 हजार रुपए बरामद हुए हैं।थाना अतर्रा पुलिस ने मुख्य आरोपी छोटू उर्फ अभिषेक गुप्ता को कानपुर से गिरफ्तार किया। छोटू पुरानी बाजार कस्बा का रहने वाला है। वह व्यापारी की रेकी कर रहा था और उसने ही अन्य आरोपियों को लूट की जानकारी दी थी। अन्य गिरफ्तार आरोपियों में अर्जुन गुप्ता, अरुण कुमार और अंकुल सेन उर्फ छोटू सेन शामिल हैं। अर्जुन गुप्ता टुकरी पुरवा फतेहगंज रोड का रहने वाला है। अरुण कुमार बरछा और अंकुल सेन बंगाली पुरवा के रहने वाले हैं। सभी आरोपी बदौसा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। घटना 10 अप्रैल 2025 को हुई थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, लूट की बाकी राशि की बरामदगी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### कार से खतरनाक स्टंट

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, नगर कोतवाली क्षेत्र में कैलसा बाईपास पर कार सवार युवकों का खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि युवक चलती कार की खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंट कर रहे हैं। यह घटना एक दिन पुरानी बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, ये युवक अमरोहा में एक बारात में शामिल होने आए थे। इसी दौरान उन्होंने कार से यह स्टंट किया। वीडियो वायरल होने के बाद यातायात पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस पहचान करने में जुटी पुलिस अब इस कार और उसमें सवार युवकों की पहचान करने में जुटी है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले इन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बेटी की शादी में पिता की हार्ट अटैक से मौत

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, एक पिता की बेटी की शादी के दौरान दर्दनाक घटना सामने आई। सड़क निर्माण के ठेकेदार कुतुब मलिक (55) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे मोहल्ला नोगजा के निवासी थे। उनकी दूसरी बेटी की शादी थी। बिजनौर रोड स्थित बैंक्वट हॉल में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। बिजनौर के नहटौर से बरात आई थी। निकाह के बाद जब बराती और मेहमान खाना खा रहे थे, तभी कुतुब मलिक को सीने में दर्द की शिकायत हुई। परिजन तुरंत उन्हें निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शादी के माहौल में मातम छा गया। परिवार ने गमगीन माहौल में दुल्हन को बरात के साथ विदा कर दिया। कुतुब मलिक के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां और दो बेटे हैं। डॉक्टरों ने मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है।

# दलित युवक की हत्या के बाद बवाल

## सपा सांसद और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की गाड़ियां घेरीं; हत्यारोपियों के घर तोड़-फोड़

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, एक 35 साल के युवक की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने उसे जिंदा जला दिया। बताया जा रहा है कि युवक का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने गेहूं काटने से मना किया था। सुबह उसकी अधजली लाश मिलने के बाद घर वाले आक्रोशित हो गए थे। उन्होंने न सिर्फ हत्यारोपियों के घर पर तोड़-फोड़ की थी, बल्कि पोस्टमॉर्टम के लिए पुलिस को 2 घंटे तक लाश भी नहीं उठाने दी थी। घर वालों में इतना गुस्सा है कि अभी तक युवक का अंतिम संस्कार नहीं किया है। वे लोग बॉडी को रोड पर रख कर हंगामा कर रहे हैं। उनकी मांग है कि आरोपियों के घर बुलडोजर चले। वहीं, पीड़ित परिवार से मिलने सपा सांसद उज्जवल रमण सिंह और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। गुस्साए गांव वालों ने उनकी गाड़ियों को भी रोक लिया। हनुमान पर मोरी रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस और सांसद गांव के लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। इसौटा गांव में रहने वाले दलित अशोक कुमार का 35 साल का बेटा देवी शंकर मजदूरी करता था। उसके 3 बच्चे हैं। एक बेटी काजल और दो बेटे सूरज, आकाश हैं। पत्नी की मौत हो चुकी है। वह मां-बाप का अकेला बेटा था। 12 अप्रैल को देवी शंकर को कुछ लोग गेहूं काटने के लिए लेकर गए थे। जब उसने गेहूं काटन से मना किया, आरोपियों ने दलित युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया गया। जिंदा ही दफनाने की तैयारी की, गड्ढा भी खोद लिया था। लेकिन, फिर हमलावरों ने प्लान बदल दिया। देवी शंकर को जलाने के लिए पुआल इकट्ठा करके आग लगा दी। यह वाकया 13 अप्रैल की सुबह 6 बजे का है। तभी खेतों की तरफ गांव के लोगों को आता हुआ देखकर आरोपी भाग निकले। दलित युवक की अधजली लाश मिलने के बाद हंगामा शुरू हो गया। पिता ने पुलिस को बयान दिए कि गांव के छुट्टन सिंह समेत 7 लोगों मिलकर मेरे बेटे को इसलिए मार डाला, क्योंकि वह गेहूं काटने नहीं जा रहा था। यह पूरा मामला यमुनापार के करछना इलाके का है। हत्या की सूचना के बाद जब पुलिस गांव पहुंची, तो लोगों ने शव नहीं उठने दिया। पुलिस के सामने डेडबॉडी रखकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान करीब 1 घंटे तक पुलिस ग्रामीणों को समझाती रही। लोग 7 करोड़ रुपए का मुआवजा, लाइसेंस की सुरक्षा और मकान आवंटित करने की मांग कर रहे हैं। इसी बीच कुछ लोगों ने मुख्य आरोपी छुट्टन सिंह के घर पर भी धावा बोल दिया। हालांकि पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत किया।

# पुलिस पर हमला, आरोपी को पकड़ने गई थी

## परिजनों ने मारपीट कर छुड़ाया, लड़की भगाने का दर्ज है मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, आरोपी को पकड़ कर ले जा रही पुलिस टीम पर परिजनों ने हमला कर दिया। आरोपी को छुड़ाने का प्रयास करने लगे। इसी बीच परिजनों और पुलिसकर्मियों के बीच हाथापाई हो गई। मारपीट के दौरान आरोपी पुलिस के चंगुल से छूटकर भाग गया। इसके बाद पुलिस वापस लौट गई। घटना का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। पुलिस ने मामले में सात आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। ये सभी फरार हैं। घटना 11 अप्रैल की होलागढ़ थाना क्षेत्र की है। होलागढ़ थाना क्षेत्र के गांव दहियावां काशीपुर निवासी रविंद्र कुमार सरोज पर लड़की को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया। मगर आरोपी फरार था। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी घर पर है। यहां दबिश के दौरान पुलिस ने आरोपी रविंद्र कुमार सरोज को पकड़ लिया। घर वाले इसका विरोध कर हंगामा करने लगे। पुलिस आरोपी को खींचकर ले जाने लगी। तभी परिजनों ने पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया। दोनों तरफ से जमकर मारपीट हुई। हंगामा होने पर गांव के लोग भी जुट गए। मारपीट के दौरान आरोपी पुलिस के चंगुल से छूटकर भाग गया। मारपीट के बाद पुलिस वापस लौट आई। पुलिस ने मामले को दबा दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने लगा। इसके बाद पुलिस ने 7 आरोपियों पर केस दर्ज किया। होलागढ़ थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले गया था। इसके बाद लड़की की बरामदगी हो गई थी। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम गई थी। तभी विरोध कर मारपीट की गई। आरोपियों पर पुलिस कार्रवाई में बाधा डालने की धारा में केस दर्ज किया गया है। कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सभी 7 आरोपी गांव से भागे हुए हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

# महिला की अश्लील वीडियो वायरल की




पुलिस ने आरोपी किया गिरफ्तार, पीड़िता को भगाने की धमकी भी देता था

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, थाना डीह क्षेत्र में एक महिला का अश्लील वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिवम पुत्र घनश्याम बेतौरा का निवासी है। पीड़िता ने 15 अप्रैल को थाना डीह में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि आरोपी शिवम लगातार उसे भगा ले जाने की धमकी देता था। इतना ही नहीं, उसने पीड़िता का अश्लील वीडियो भी इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। पुलिस ने मामले में धारा 351(3) और आईटी एक्ट की

# सरकारी सड़क से ईंट चोरी

## उखाड़ी खड़ंजा मार्ग की ईंटें, विरोध करने वालों को धमकी

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर, भदैया के शिवगढ़ कोतवाली क्षेत्र के जूड़ापट्टी गांव में सरकारी खड़ंजा मार्ग से ईंट चोरी का मामला सामने आया है। सरस्वती और उसकी दो बेटियां रीता और राखी पंचायत निधि से बने खड़ंजा मार्ग की ईंटें निकाल रही थीं। ग्रामीणों ने जब दिन में इन्हें रोका तो तीनों ने रात के अंधेरे में ईंटें उखाड़ना जारी रखा। शिकायतकर्ता मंगरू के अनुसार, आरोपियों ने फावड़े से सैकड़ों ईंटें निकाल लीं। इससे रास्ता खराब हो गया है और लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। आरोपी महिलाओं का कहना है कि उन्होंने सिर्फ नाली पर रखने के लिए दो-चार ईंटें निकाली थीं। उनका दावा है कि रात में कोई और ईंटें निकाल ले गया। ग्रामीणों ने पहले ग्राम प्रधान को इसकी सूचना दी। फिर शिवगढ़ कोतवाली में नामजद शिकायत दर्ज कराई। खंड विकास अधिकारी को भी मामले से अवगत करा दिया गया है। गांव में इस मामले को लेकर तनाव बना हुआ है। शिवगढ़ कोतवाल पंडित त्रिपाठी ने कहा कि वे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेंगे।

# मेडिकल कॉलेज में मरीज का मोबाइल चोरी



पर्चा कटाने की लाइन में खड़े युवक का फोन उड़ाया, घटना सीसीटीवी में कैद

अमन लेखनी समाचार

बांदा, रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में चोर गैंग सक्रिय हो गया है। मेडिकल कॉलेज में एक मरीज का मोबाइल चोरी की घटना सामने आई है। घटना उस समय हुई जब पीड़ित युवक पर्चा कटाने की लाइन में खड़ा था। चोर ने बड़ी चतुराई से युवक का मोबाइल चुरा लिया। पूरी घटना मेडिकल कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित की शिकायत पर सदर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर की पहचान करने में जुटी है। इस घटना से मेडिकल कॉलेज में मरीजों और उनके परिजनों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# श्रीमद्भागवत कथा का समापन

## कथावाचन ने सुनाया कृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग, हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी के इन्हौना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन भव्य रूप से हुआ।

तिलोई तहसील के सिंहपुर ब्लॉक स्थित इन्हौना में सात दिवसीय कथा के अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण और सुदामा चरित्र का विस्तृत वर्णन किया गया। कथा व्यास वृंदावन धाम से पधारे श्री लवकुश गोस्वामी जी महाराज ने मनमोहक ढंग से कथा का वर्णन किया। भगवान की लीलाओं को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान भक्तों ने झूमकर नृत्य किया। कथा का आयोजन इन्हौना चौराहे पर स्थित बाबा साइकिल स्टोर के स्वामी राज लल्लन गोस्वामी द्वारा कराया गया। कथावाचक लवकुश जी महाराज राज लल्लन तिवारी के पुत्र हैं। उन्होंने वृंदावन धाम से शिक्षा-दीक्षा प्राप्त की है। कथा का शुभारंभ इन्हौना शुकुल बाजार रोड से हुआ था। समापन दिवस पर पूर्ण आहुति और हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त पैदल चलकर कथा श्रवण के लिए पहुंचे।

# 5 साल चला अफेयर, फिर शादी से मुकरा युवक

## अलीगढ़ में पीड़िता ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर की शिकायत, बोली फोन भी नहीं उठा रहा

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़, बनादेवी थाना क्षेत्र में एक युवती ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर अपने प्रेमी के खिलाफ तहरीर दी है। उसने पुलिस से बताया कि दोनों के बीच पिछले पांच साल से प्रेम प्रसंग चल रहा है। अब युवक उसका फोन नहीं उठा रहा। पीड़िता ने बताया कि युवक दूसरे समाज से है, लेकिन दोनों के बीच गहरा प्रेम था। दोनों ने एक दूसरे से शादी का वादा भी किया था। युवक के परिवार को भी इस बात की सारी जानकारी है। फिर भी वह न तो फोन उठा रहा है और न ही तो मिलने आ रहा है। युवती का कहना था कि युवक उसके साथ ऐसे कैसे कर सकता है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पांच साल पहले उसकी मुलाकात स्नातक की पढ़ाई के दौरान हुई थी। दोनों एक साथ पढ़ते थे और उनकी अच्छी दोस्ती हो गई थी। धीरे धीरे दोनों की दोस्ती प्रेम में बदल गई। युवती ने बताया कि पांच साल तक दोनों एक दूसरे के साथ रहे। दोनों के परिवार के लोगों को भी सारे मामले की जानकारी थी। पढ़ाई के बाद अब युवक की गुरुग्राम में नौकरी लग गई है, तो वह उसका फोन तक नहीं उठा रहा है। जब वह अलीगढ़ आया तो उसने युवती से मुलाकात तक नहीं की। युवक के परिवार वालो ने उसे मिलने से रोक दिया है। पीड़िता और उसकी मां की बात सुनकर पुलिस कर्मी भी हैरान हो गए। पीड़िता का कहना था कि युवक काल नहीं कर रहा है। जिसके कारण वह काफी परेशान है। इसलिए अगर वह काल नहीं करता है तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही की जाए। वहीं युवती की मां ने भी पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। उनका कहना था कि। आरोपी युवक ने उनकी बेटी के साथ गलत किया है। शादी का वादा करके आरोपी मुकर गया है। इसलिए उसके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए। बन्नादेवी थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि युवती ने थाने आकर शिकायत की है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक ने स्कूली बच्चों को दिए टिप्स

## पुवायां में सड़क सुरक्षा से लेकर साइबर क्राइम तक की दी जानकारी, रील बनाते समय सतर्कता बरतने की सलाह

अमन लेखनी समाचार




शाहजहांपुर , पुवायां कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल में यातायात जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने स्कूल के सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने साइबर क्राइम के बारे में भी बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने बच्चों के सवालों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। बच्चों को यातायात के महत्वपूर्ण नियम बताए गए। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने की सलाह दी गई। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने और शराब पीकर वाहन न चलाने की हिदायत दी गई। चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने और ओवरलोड वाहन न चलाने की सलाह दी गई। पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर रील बनाने के बढ़ते चलन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि युवा रील बनाने के चक्कर में ओवरस्पीड से बाइक चला रहे हैं। यह सड़क दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें।

# नशे के खिलाफ कार्रवाई

## 28 वर्षीय युवक से 112 ग्राम चरस, तमंचा और कारतूस बरामद



अमन लेखनी समाचार

अमेठी, पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शिवरतनगंज क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 112 ग्राम चरस, एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में शिवरतनगंज थाने की टीम ने 13 अप्रैल को यह कार्रवाई की। आरोपी की पहचान कुलदीप तिवारी के रूप में हुई है। वह जुगराजपुर गांव का रहने वाला है। 28 वर्षीय कुलदीप को गांव के पास से ही गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक सच्चिदानंद राय के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी से 12 बोर का तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ।

# टैक्सी ड्राइवर से लूट

## तीन बदमाशों ने ईको कार लूटी, सीसीटीवी में दिखी ग्वालियर एक्सप्रेस पर जाती हुई

अमन लेखनी समाचार




मथुरा, टैक्सी ड्राइवर से बदमाशों ने लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया है। फरह थाना क्षेत्र के झंडीपुर गांव में एक टैक्सी ड्राइवर से तीन बदमाशों ने ईको कार लूट ली। थाना मगोर्रा के गांव सैंह निवासी प्रवीन कुंतल रेलवे जंक्शन से टैक्सी चलाते हैं। रात करीब ढाई बजे तीन युवक उनके पास आए। उन्होंने झंडीपुर के लिए टैक्सी बुक की। रास्ते में गांव शाहपुर के पास बदमाशों ने लघुशंका के बहाने गाड़ी रुकवाई। जब चालक भी लघुशंका के लिए गया, तब बदमाश गाड़ी लेकर फरार हो गए। गाड़ी में चालक का मोबाइल फोन भी रखा था। काफी देर बाद एक राहगीर के मोबाइल से चालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। फरह कस्बे में और ग्वालियर एक्सप्रेस पर गाड़ी सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दी है। फरह थाना प्रभारी संजय पांडेय के अनुसार चालक की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बदमाशों का हुलिया लेकर क्षेत्र के संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

## संक्षेप

### सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चले इस तीन घंटे के अभियान में 433 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में कुल 171 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 52, विजयनगर से 36, सिहानी गेट से 24, नंदग्राम से 21, कवि नगर से 17 और मधुबन बापूधाम से 21 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 117 लोगों पर कार्रवाई हुई।

### हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, कलश होटल में हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालाजी दरबार के महंत स्वामी परमदेव जी महाराज की उपस्थिति में सुंदरकांड का पाठ हुआ। मुख्य अतिथि कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव सनातन धर्म में विशेष महत्व रखता है। उन्होंने और स्वामी परमदेव महाराज ने भजन भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में हनुमान बाबा, भोले शंकर-पार्वती और राधा कृष्ण की आकर्षक झांकियां निकाली गईं। व्यापारी नेता सोनू पाठक ने कहा कि बजरंग बली को संकटमोचन इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे भक्तों के संकट दूर करते हैं। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को माला, पटका और श्रीराम चित्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह, एसपी रिजुल, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हिमांशु मित्तल, पूर्व मंत्री रणवीर सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय आरोग्य मेले में विशेष सम्मान

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, जयपुर में आयुष मंत्रालय, अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय राष्ट्रीय आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। बुलंदशहर के पंचकर्म और क्षारसूत्र चिकित्सा विशेषज्ञ वैद्य हितेश कौशिक ने इस मेले में विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने आयुर्वेद उद्योग और शैक्षणिक क्षेत्र के बीच संबंध मजबूत करने पर जोर दिया। वैद्य कौशिक ने आयुर्वेद दवा कंपनियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि दवाओं का निर्माण आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों के अनुसार होना चाहिए।

# झाँसी की समाजसेविका देश की राजधानी में शक्ति सम्मान अवार्ड से हुईं सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




झाँसी। सिद्धि ग्रुप एवं एकेएस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में देश की राजधानी दिल्ली में शक्ति सम्मान अवार्ड 2025 का आयोजन किया गया। सिद्धि ग्रुप देश की प्रतिष्ठित समाजसेवी संस्था है जो महिला सशक्तिकरण, मानवीय दृष्टिकोण आदि क्षेत्रों पर कार्य कर रही है यह संस्था देशभर में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाज सेविकाओं को प्रत्येक वर्ष सम्मानित करती है। यह कार्यक्रम देश की राजधानी दिल्ली के महिपालपुर स्थित होटल वेस्टेंड इन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयोजक के रूप में सिद्धि ग्रुप की संस्थापिका सस्मिता मोहंती एवं सह संस्थापक भरत यादव, एकेएस सोसाइटी की चेयरपर्सन चंदना राउल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में इनकम टैक्स कमिश्नर डॉ० शिखा दरबारी, पूर्व आईआरएस नंदिता बक्शी, हेल्थ एंड ब्यूटी एक्सपर्ट सेल्वी रॉजर्स, समाजसेविका श्रीगौरी सावंत एवं प्रसिद्ध कविता लेखिका व ज्योतिष डॉ० अनीता कपूर तथा सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में अदाकारा जोया अफरोज उपस्थिति रहीं। अतिथियों के आगमन पर आयोजक मंडल द्वारा बुकेवा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई कार्यक्रम में झाँसी की प्रसिद्ध समाजसेविका एवं संघर्ष महिला संगठन की अध्यक्ष सपना संदीप सरावगी तथा नेहा तिवारी को सम्मानित किया गया। सपना सरावगी जो कि अपने संगठन के माध्यम से आदिवासी बस्तियों एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में धरातल स्थल पर कार्य कर रही हैं। उनकी उत्कृष्ट समाज सेवा को देखते हुए उन्हें शक्ति सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया गया तथा झाँसी की नेहा तिवारी जो कला के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित कर रही हैं उन्हें भी इस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# विद्यालय में धूमधाम से संपन्न हुआ इको क्लब का गठन

अमन लेखनी समाचार




बिंदकी, फतेहपुर। भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त निदेशों के क्रम में ईको क्लब्स फार मिशन लाइफ के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मुख्यालय स्थित कम्पोजिट विद्यालय अमौली विकास खण्ड अमौली में हरित शिक्षिका प्रतिमा उमराव के द्वारा इको क्लब का गठन किया गया है। पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से कम्पोजिट विद्यालय अमौली में विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार, माता अभिभावक, माता समिति की सदस्य प्रधानाध्यापिका की उपस्थिति में इको क्लब की टीम का गठन हुआ। इको क्लब स्वैच्छिक संगठन है जिसका उद्देश्य पर्यावरण को सुधारने में योगदान देना है। दूसरी ओर छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करता है। इको क्लब को ग्रीन क्लब भी कहा जाता है। इको क्लब का उद्देश्य, कार्य गतिविधियां, टीम के पदाधिकारियों के बारे में हरित शिक्षिका प्रतिमा उमराव के द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। इको क्लब टीम के पदेन पदाधिकारी प्रधानाध्यापिका रामरती देवी प्रभारी, हरित शिक्षिका प्रतिमा उमराव, सह हरित शिक्षिका ममता देवी, कैप्टन फरीन, प्रियांशी, रश्मि, नैंन्शी, रिया, ज्योति समन्वयक आदि है। इको क्लब गठन की शपथ समस्त विद्यालय परिवार सहित सुमन देवी, सुप्रिया, अशोक कुमार, गौरव, और सभी बच्चों के साथ विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार, जय देवी, राम सुधा, सरोज देवी एवं अन्य उपस्थिति सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। नन्हें बच्चों श्रीराम, सात्विक ने पेड़ों के महत्व पर छोटी छोटी कविताओं को भी प्रस्तुत किया।

# अज्ञात वाहन से घायल युवक कानपुर रेफर

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमौली कस्बे के सब्जी मंडी गेट के समीप विगत दिवस मंगलवार देर शाम समय पैदल जा रहे कस्बा निवासी युवक 33 वर्षीय विवेक सोनकर पुत्र हरीलाल सोनकर को एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने भीषण टक्कर मार दी वाहन चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया वहीं यह दृश्य देखकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी जहां मौके पर पहुंचे परिजन नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली उपचार के लिए ले गए चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार करते हुए कानपुर हैलट अस्पताल के लिए युवक को रेफर कर दिया वही परिजन रेफर घायल युवक को कानपुर शहर के रामादेवी क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल ले गए जहां उसका उपचार चल रहा है वही जानकारी लेने पर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले की तहरीर अभी तक प्राप्त नहीं हुई तहरीर आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी

# मसाज के नाम पर 75 लोगों से ठगी

## युवती के साथ फोटो खींचकर करते थे ब्लैकमेल, वसूलते थे 15 से 20 हजार रुपए

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, बॉडी मसाज और एक्स्ट्रा चार्ज स्पेशल सर्विस देने के नाम पर जिस गैंग का खुलासा किया गया वो अब 75 लोगों से ठगी कर चुका है। ये लोग लड़की के साथ फोटो खींचकर डरा धमकाकर ब्लैकमेल कर एक्सटारसन मनी वसूलते थे। थाना फेज-3 पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह में शामिल एक महिला फरार है। उसकी तलाश में एक टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। आरोपियों के कब्जे से पांच मोबाइल बरामद हुए हैं। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बीते दिनों दो पीड़ितों ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि बॉडी मसाज के नाम पर उनके साथ फजीर्वाड़ा हुआ है। मसाज देने वाली युवती के साथ चुपके से आपत्तिजनक फोटो खिंची गई और इसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर रकम की मांग की जा रही है। मामला संज्ञान में आते ही फेज तीन थाना प्रभारी की अगुवाई में एक टीम गठित की गई। टीम ने आगरा निवासी शिवम शर्मा और रोहित कुमार व हरियाणा निवासी राजन उर्फ राजू को दबोच लिया। तीनों आरोपियों ने ऑनलाइन जस्ट डॉयल ऐप पर रॉयल मसाज थेरेपी के नाम से लिस्टिंग किया था। पता सेक्टर-70 का दिया गया था। मसाज की बुकिंग मिलते ही आरोपी ग्राहक के बताए लोकेशन पर लड़की को भेज देते थे। शिवम और रोहित कॉलिंग का काम करते थे जबकि राजन उर्फ राजू टैक्सी चलाता था। मसाज के लिए लड़की बुक होने पर शिवम व रोहित कॉलर को कॉल बैक कर अच्छी सुविधा व मसाज कराने का वादा करते थे। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी अबतक करीब 75 लोगों से डरा धमकाकर रकम ऐंठ चुके हैं। शिवम और रोहित पहले से दोस्त थे। दोनों ने राजन को ग्रुप में जोड़ा और एक्सटारसन करने का धंधा शुरू कर दिया। शिवम स्नातक पास है।

# अवैध खनन को लेकर खूनी संघर्ष

## रेत लेने गए दो लोगों पर नकाबपोशों का हमला, एक को मारी गोली

अमन लेखनी समाचार



बागपत, नेथला गांव के यमुना खादर में सरूरपुर गांव के प्रमोद और नेथला निवासी राजेंद्र ट्रैक्टर-ट्राली से रेत लेने यमुना नदी पहुंचे थे। वहां पहले से मौजूद आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश हमलावरों ने दोनों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले लाठी-डंडों से मारपीट की। इसके बाद प्रमोद की छाती में तमंचे से गोली मार दी। हमला करने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल प्रमोद को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। राजेंद्र का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यमुना खादर में पिछले कुछ दिनों से रात में अवैध खनन की शिकायतें आ रही थीं। इस मुद्दे को लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुके हैं। खनन माफियाओं पर कार्रवाई न होने से तनाव बना रहता है। परिजनों ने शहर कोतवाली पुलिस पर अवैध खनन को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधिकारियों ने मामले को शांत कराया है। हमलावर हरियाणा और नेथला गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# सड़क हादसे में एक की मौत

- बल्लूखेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की गई जान

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, ग्रेटर नोएडा में दनकौर कोतवाली क्षेत्र के बल्लूखेड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन ली टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिवार के लोगों ने कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की है। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के चक्र बीरमपुर गांव निवासी जीतू बाइक पर सवार होकर दनकौर कस्बे से अपने गांव को लौट रहे थे बताया जाता है कि जब वह बल्लूखेड़ा गांव के पास पहुंचे। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को मामले की सूचना दी गई। घायल अवस्था में उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि इस संबंध में जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई जाएगी।

# ससुर ने बहू को कुल्हाड़ी से काट डाला

## खेत में पेड़ से फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में ससुर ने अपनी 30 साल की बहू को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद घर से 500 मीटर दूर जाकर खेत में पेड़ से लटककर जान दे दी। पुलिस को महिला की 7 साल की बेटी ने बताया, बाबा ने मां को कुल्हाड़ी से मार डाला। पुलिस ने आस-पड़ोस में रहने वालों से भी पूछताछ की। पता चला कि हत्यारोपी ससुर राजपाल को बहू सावित्री के गांव के लोगों से मिलने पर आपत्ति थी। वह उसे रोकता था। दोनों के बीच पहले भी विवाद हो चुका था। शराब के नशे में राजपाल ने सावित्री पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने घर से कुल्हाड़ी और बहू की टूटी हुई चूड़ियां और शराब की एक बोतल बरामद की है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। घटना कांट थाना क्षेत्र के हठीपुर कुरिया गांव की है। राजपाल (53) ने बेटे सर्वेश की शादी मध्य प्रदेश की रहने वाली सावित्री उर्फ सुमित्रा (32) से 7 महीने पहले की थी। सावित्री विधवा थी और पहले पति से उसकी 7 साल की एक बेटी रागिनी उर्फ शालू है। सर्वेश की यह पहली शादी थी। बेटी रागिनी ने बताया- मंगलवार रात में 8 बजे मां गांव के ही एक घर में कार्यक्रम में ढोलक बजाने गई थी। मां रात में करीब 1 बजे घर लौटी तो बाबा राजपाल ने देर से आने का कारण पूछा। फटकार लगाई। इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। तभी बाबा ने मां को मारना-पीटना शुरू कर दिया। बाबा ने कुल्हाड़ी उठाई और मां को मारने के लिए दौड़ा लिया। मां ने बचने की कोशिश की तो उसकी चूड़ियां टूट गईं। तभी बाबा ने मां के गर्दन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मां जमीन पर गिर पड़ीं। कुछ देर तड़पती रहीं। फिर उनकी मौत हो गई। इसके बाद बाबा रात में ही घर से निकल गए। बुधवार सुबह पता चला कि बाबा ने भी जान दे दी है। पति बोला- 15 दिन पहले भी हुआ था विवाद सावित्री के पति सर्वेश ने बताया- मैं ट्रक चलाने का काम करता हूं। होली के अगले दिन ही ट्रक लेकर माल पहुंचाने के लिए घर से निकल गया था। आज सुबह हापुड़ में माल अनलोड करके ट्रक में ही सो रहा था। तभी चाची का फोन आया। उन्होंने बताया कि तुम्हारी बीवी को तुम्हारे पिता ने जान से मार दिया है। इसके बाद मैं ट्रक वहीं पर छोड़कर घर के लिए निकल गया।

# मोमबत्ती कारखाने में लगी आग



- दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर पाया काबू, शॉट सर्किट बताई गई वजह

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सेक्टर-6 स्थित एक फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री में मोमबत्ती बनाने का काम होता है। आग कंपनी के ग्राउंड फ्लोर में लगी। आग लगी वजह ज्वलनशील पदार्थ/ शॉट सर्किट बताई जा रही है। लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। दमकल की एक-एक करके दो गाड़ियां भेजी गई। आग पर काबू पा लिया गया है। आग में कोई फंसा नहीं था। आग को फैलने से रोका गया। जिसके बाद उस पर काबू पाया गया। हालांकि मोमबत्ती बनाने वाली मशीन और कच्चा मॉल को नुकसान हुआ है। कोई जनहानि नहीं हुई है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि सेक्टर-6 में ई-47 के ग्राउंड फ्लोर पर मोमबत्ती बनाने का कारखाना है। यहां काम चल रहा था। ऐसे में किसी ज्वलनशील पदार्थ या शॉट सर्किट की वजह से आग लगी। प्राथमिक जांच में ये बात सामने आई। हालांकि स्पष्ट कारणों का पता लगाया जा रहा है। आग लगते ही फैक्ट्री और आसपास के लोग बाहर आ गए। मौके पर पुलिस को दमकल विभाग को जानकारी दी गई। आग को बुझाने में करीब आधा घंटा लगा। इसमें कोई फंसा नहीं है। सीएफओ ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ आग की घटना बढ़ रही है। इसलिए इलेक्ट्रानिक उपकरणों की मेनटेनेंस जरुर कराए।

# मैच के दौरान युवक को गोली मारने वाले पर मुकदमा

## कैफ के दफीने में उमड़ा पूरा गांव, लोग बोले मजाक में हत्या हो गई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के खजूरी गांव में आईपीएल मैच देखने के दौरान दादा की लाईसेंसी बंदूक से गोली चलाने वाले सातवीं कक्षा के छात्र के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नाबालिग पर हत्या का मुकदमा लिखा गया है। वहीं पुलिस ने बंदूक जब्त कर ली है, जिसके लाइसेंस को रिजेक्ट किया जाएगा। वहीं मृतक युवक मोहम्मद कैफ का पोस्टमार्टम के बाद दफीना किया गया। दफीने में पूरा गांव शामिल हुआ। हर किसी की जुबान पर एक ही बात थी कि ऐसा भी मजाक किस काम का, किसी की जान चली जाए। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है। अबरार पुत्र मेंहदी हसन के नाबालिग बेटे ने पड़ोसी युवक मोहम्मद युवक को दादा की लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी। गोली कैफ की आंख के ऊपर लगी थी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। जिस वक्त वारदात हुई उस समय अबरार के घर पर बैठकर तीन लड़के मैच देख रहे थे। जिसमें अबरार का बेटा, कैफ और एक तीसरा लड़का भी था। तीनों मैच देख रहे थे। तभी अबरार का बेटा दादा की लाइसेंसी बंदूक घर से निकाल लाया। अबरार का पूरा परिवार उस वक्त मेरठ में रिश्तेदारों के यहां शादी में आया था। नाबालिग घर में अकेला था। दादा की बंदूक से नाबालिग खेलने लगा। वो कभी कैफ तो कभी दूसरे लड़के की ओर बंदूक करके उससे खेल रहा था। पहले उसने दूसरे नाबालिग की ओर बंदूक करके चलाने का नाटक किया। लेकिन चलाई नहीं। फिर उसने कैफ की तरफ बंदूक करके ट्रिगर दबा दिया, बंदूक लोडेड थी और चल गई। गोली कैफ की आंख के ऊपर लगी। उसका पूरा भेजा उड़ गया। यह देखकर गोली चलाने वाला किशोर सहम गया। वो बेहोश हो गया। वहीं तीसरा किशोर मौके से भाग गया और उसने शोर मचाया।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

- जवाबी फायरिंग में मोबाइल लूटने वाले दो के पैर में गोली लगी, एक फरार

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेंट्रल नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि एक बदमाश फरार हो गया। सुबह सूरजपुर पुलिस 130 मीटर रोड पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। तिलपता गोल चक्कर की तरफ से बिना नंबर की स्पलेंडर बाइक पर तीन संदिग्ध आए। पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई के दौरान दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान मेरठ के अरमान उर्फ गब्बर और संभल के विशाल के रूप में हुई है। फरार बदमाश बुलंदशहर का विपिन है। दोनों घायलों को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बदमाशों से दो तमंचे 315 बोर, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की है। इनके पास से लूट के 6 मोबाइल फोन भी मिले हैं। दोनों बदमाश थाना सूरजपुर के मुकदमा संख्या 210/2025 और 214/2025 धारा 304 में वांछित थे। इनके खिलाफ सूरजपुर और बीटा-2 थाने में कुल 8 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही है। सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि यह बदमाश बड़े ही शातिर किस्म के हैं। इन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा में काफी वारदातों को अंजाम दिया है। फिलहाल दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए हैं ,दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है ।

इन बदमाशों पर आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। बाकी इनकी आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

# ओबरा पुलिस द्वारा काफी दिनों से फरार चल रहे 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व फरार चल रहे व पुरस्कार घोषित अपराधियों तथा वांछित वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक ओबरा के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 16.04.2025 को काफी समय से फरार चल रहे वारण्टी/अभियुक्तगण मु0नं0 14523/2025 धारा 60अबकारी अधि0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त राहुल स्वीपर पुत्र नरायन निवासी सेक्टर नं0 10 शाक्तिनगर कालोनी ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष, मु0नं0 4401/22 धारा 60अबकारी अधि0 व मु0नं0 4876/20 धारा 60 अबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त गुड्डू स्वीपर पुत्र स्व0 सिंगार चन्द्र निवासी शान्तिनगर ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष, मु0नं0 3916/24 धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त इरशाद अली उर्फ मुन्नु पुत्र स्व0 अब्दुल शकूर अली निवासी एलआईसी आफिस के पीछे कैरियर कानवेन्ट एजुकेशनल स्कूल के पास मिल्लतनगर ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र । उपरोक्त तीनो वारण्टी/अभियुक्तो के विरुद्ध मा0 न्यायालय से एनबीडब्लू के तहत गिरफ्तारी का आदेश जारी हुआ था उक्त आदेश के क्रम में थाना ओबरा पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

# लकड़बघ्घा ने महिला पर किया हमला, दवा उपचार शुरू, रेंजर घटना स्थल पर मौजूद

**अमन लेखनी समाचार**



बीजपुर( सोनभद्र )जरहा वन रेंज क्षेत्र अंतर्गत बाजार कालोनी डोडंहर पुनर्वास सिरसोती आदि गाँवों में लकडब्घघे का आतंक बरकरार बना हुआ है इन गाँवों के रहवासी लकडब्घघे के भय से आतंकित हैं ।बताया गया कि मंगलवार की रात्रि में डोडहर गाँव के टोला बेलहवा में सुनीता देवी पत्नी विजय कुमार बैगा उम्र 34 वर्ष को लकड़बघ्घा ने हमला कर घायल कर दिया चीख पुकार पर जुटे परिजनों ने लाठी डंडा मार कर भगाया तब लोगों ने राहत की सांस ली ।जानकारी के अनुसार महिला ने दो सुकर के बच्चों को पाल रखा है देर रात्रि में पहुचा लकड़बघ्घा पहले सुकर के बच्चों पर हमला किया आवाज सुन महिला घर से बाहर निकली थी कि खूंखार लकडब्घघे ने महिला सुनीता पर हमला कर दिया चीख पुकार पर जुटे परिजनों ने किसी तरह लाठी डंडा पीट कर महिला को उसके चंगुल से छुड़ाया ।परिजनों ने तत्काल घायल महिला को लेकर अस्पताल भागे जहां उसका उपचार जारी है ।बताया गया कि लकड़बघ्घा के हमले से सुकर के बच्चे भी घायल पड़े हैं ।रेंजर रमेश कुमार मौर्या ने कहा मैं मौके पर जा रहा हूँ घायल महिला का इलाज वन बिभाग द्वारा कराया जाएगा अगर किसी की इस हमले जानमाल की क्षति होती है तो उसको सरकार 05 लाख रुपए सहायता राशि तत्काल उपलब्ध कराएगी।

# थर्मल टाइटन्स ने 12 रन से ईएण्ड आई को पराजित कर विजयी होने का गौरव हासिल किया

**अमन लेखनी समाचार**




अनपरा सोनभद्र। हिंडालको रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर एवं फोनिक्स क्लब रेनुसागर के संयुक्त तत्वाधान में आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कालेज के ग्राउण्ड में मंगलवार की देर शाम सर्किल क्रिकेट चैम्पियनशीप की कड़े मुकाबले में थर्मल टाइटन्स की टीम ने कप्तान दीपक लाल के नेतृत्व में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुये 12 रन से ई एन्ड आई टीम को पराजित कर विजयी होने का गौरव प्राप्त किया ।गौरतलब है कि हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता चल रहा है जिसमें कुल 24 टीमों ने प्रतिभाग किया है ।बताते चले कि सर्किल क्रिकेट चैम्पियनशीप क्रिकेट मैच का मुकावला थर्मल टाइटन्स और ई एन्ड आई के बीच में था।थर्मल टाइटन्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया ।इस अवसर पर हिंडालको रेनुसागर के ईआर हेड मृदुल भारद्वाज ने खिलाड़ियों से परिचय लेते हुये टॉस कराकर का मैच का शुभारंभ किया।थर्मल टाइटन्स की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुये मेराज के शानदार 9 चौके की मदद से 47 रन ,पवन एवं अनुज के चार और तीन चौके की मदद से दोनों ने 21 रन बनायें वही कप्तान दीपक लाल ने 3 गेंद पर तीन चौके जड़ कर 12 रनो के वदौलत अपनी टीम का स्कोर 2 विकेट खोकर 103 रन बनायी। प्रभात पांडेय एवं विजय ने अपने टीम के लिए महत्वपूर्ण एक-एक विकेट चटकाये ।रोमांचक मैच के जबाब में खेलने उतरी ई एन्ड आई की टीम के कप्तान प्रभात पांडेय के निजी स्कोर 23 रन ई एन्ड आई के हेड दीपक पांडेय के शानदार बैटिंग के आगाज से 5 चौके की मदद से 28 रनो के वदौलत टीम ने 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 91 रन ही बना पाई ।वही दीपक लाल ने अपने टीम के लिये महत्वपूर्ण 2 विकेट और अनुज ने एक विकेट अपने टीम के लिये चटकाये ।इस तरह थर्मल टाइटन्स की टीम 12 रन से विजयी रहीं ।मैच में अंपायर दीपांश एवं रूपम रहे ।आँखों देखा हाल विल्सन ने सुनाया ।इस अवसर हिंडाल्को रेनुसागर ई एन्ड आई हेड दीपक पांडेय, कुमार हर्षवर्धन ,मनोरंजन ,फोनिक्स क्लब रेनुसागर के सचिव सुधाकर अन्नामलाई, क्रीड़ा सचिव राजीव मिश्रा,इमरान खान एवं मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती फांसी में झूली, मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर।कोतवाली क्षेत्र के गांव टिकरी में मंगलवार की देर शाम एक युवती ने अपने घर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली जिसमें घटना स्थल में ही उसकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है टिकरी गांव निवासी रामसहाय प्रजापति की अट्ठारह वर्षीय पुत्री अंशिका का शव दोपहर बाद घर के कमरे में एक साड़ी से झूलता देख परिजनों में कोहराम मच गया।उन्होंने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया जाता है कि घटना के दिन युवती दोपहर लगभग बारह बजे गांव के तालाब में नहाने गई थी।वहां से वापस लौटकर घर के लोगों के लिए खाना बनाया था ।घर के लोग जब खेतों में काम करने चले गए तो इसी बीच संदिग्ध परिस्थितियों में यह घटना हो गई है।मृतका चार भाई बहनों में दूसरे नंबर की थी। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

# निर्माणाधीन घर के पास युवक का संदिग्ध परिस्थिति में मिला शव, हत्या की आशंका से गांव में सनसनी

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बता दे कि दिघुल गांव में बुधवार सुबह एक निमार्णाधीन मकान में 25 वर्षीय संतोष उर्फ दिनेश का शव मिला। परिजनों ने बताया मृतक संतोष दुद्धी कस्बे के एक निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर में कार्यरत था। जो 12 दिन बाद मंगलवार शाम को घर लौटा था।उसने घर पर ही रात का खाना खाया और करीब 8 बजे अपने निमार्णाधीन मकान में सोने चला गया।सुबह जब वह घर नहीं आया, तो उसकी मां ने बड़े बेटे आलोक को फोन लगाने के लिए कहा लेकिन लगातार फोन करने के बाद नहीं रिसीव होने पर भाई निमार्णाधीन माकान पर उसे देखने गया। आलोक को निमार्णाधीन मकान में संतोष की चप्पल और शर्ट चारपाई पर मिली। कुछ देर इंतजार करने के बाद जब संतोष नहीं लौटा, तो आलोक ने मकान के पीछे जाकर देखा। वहां उसका भाई औंधे मुंह पड़ा मिला। भाई को इस हालात में देख आलोक की चीख निकली और जोर जोर से रोने लगा, इस दौरान आवाज सुनकर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्राम प्रधान की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।वही परिजनों और ग्रामीणों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और अपने आदिनस्थ को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।पुलिस ने फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र करेगी। फिलहाल, घटना स्थल पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधी हत्या का मामला है, जिसे किसी ने रात में अंजाम दिया है।हालांकि, अभी तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। वही क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने बताया कि, युवक का शव उसके निमार्णाधीन घर के पीछे पाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी। फॉरेंसिक टीम को बुला लिया गया है, जांच जारी है।

# जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को प्लास्टिक मुक्त अभियान का प्रतीक चिन्ह किया भेट

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र।प्लास्टिक मुक्त अभियान को व्यापक बनाने के लिए तथा इसको जन जन तक पहुंचाने के लिए एवं जनपद में चल रहे प्लास्टिक मुक्त अभियान का प्रतीक चिन्ह सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भेंट किया जाएगा।प्रतीक चिन्ह में बोरी लगाया गया है। क्यों कि सभी कूड़ो से प्लास्टिक को अलग किया जाना अत्यंत जरूरी है क्यों कि प्लास्टिक जैसे ही किसी कूड़े में या जमीन पर मिलता है नुकसान शुरू हो जाता है। घरों पर घर से ही बोरी मांगी जा रही है जिससे लाभार्थी का सहयोग और जुड़ाव इस अभियान से हो सके ।प्रतीक चिन्ह में एक बोरी लगाया गया है जिस पर मेरा प्लास्टिक झ मेरी जिम्मेदारी लिखा हुआ है तथा प्रतीक चिन्ह पर#प्लास्टिक_मुक्त_सोनभद्र लिखा हुआ है, जिससे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए इस हेज टैग को प्रमोट किया जा सके। आज जिला पंचायत अधिकारी नामित शरण ने जिलाधिकारी सोनभद्र बद्री नाथ सिंह और मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके टेबल पर रखा गया। जिस पर जिलाधिकारी सोनभद्र बी एन सिंह द्वारा कहा गया कि यह प्रतीक चिन्ह जनपद में चल रहे मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी अभियान का एक अच्छा चिन्ह बनाया है जिससे प्लास्टिक को लेकर अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराएगा। उन्होंने लोगो से अपील की कि यह अभियान बहुत ही सरल है जिससे हम पर्यावरण को बचा सकते हैं, लोगों को केवल इतना करना है कि घर पर एक बोरी टांगें एवं प्रयोग किए हुए सभी प्लास्टिक उसी बोरी में रखें जिससे की प्लास्टिक वातावरण में नहीं फैलेगा और उसे पर्यावरण, मनुष्य तथा लोगों को नुकसान नहीं होगा।प्लास्टिक बोरी में रखने से नाला एवं नालियां चोक नहीं होंगी। नदियां और समुद्र में प्लास्टिक नहीं जाएगा। बोरी में से कलेक्ट हुए प्लास्टिक को निस्तारण के लिए भेज दिया जाएगा। कुछ प्लास्टिक को बेचकर ग्राम पंचायत का आए भी बढ़ेगा। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा कि यह चिन्ह अभियान के जिम्मेदारी को दशार्ता है।

## तेज रफ्तार डग्गामार वाहन के पलटने से 7 सवारियाँ हुईं घायल

राठ, हमीरपुर ।जनपद में राठ कोतवाली क्षेत्र के बसेला गांव के पास तेज रफ्तार डग्गामार वाहन के पलटने से उसमें सवार 7 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये।जिन्हें मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के द्वारा आनन फानन में इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार राठ कस्बे से पनवाड़ी की ओर जा रहा तेज रफ्तार एक डग्गामार वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। जिससे हुए हादसे में उसमे सवार गनेशी पत्नी शिवभगवान निवासी ग्राम सरसई, शीला पत्नी सुजान सिंह निवासी नौरंगा, प्रमोद निवासी ग्राम अकौना, रामपाल निवासी ग्राम बसवारी, देशराज निवासी श्रीनगर जनपद महोबा, श्रीपत निवासी ग्राम सरगांव के अलावा उक्त डग्गामार वाहन का चालक नदीम उर्फ गोलू निवासी गुलाब नगर राठ घायल हो गये।जिन्हें मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के द्वारा तत्काल इलाज हेतु राठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## युवती ने अपने माता पिता पर लगाया जबरन शादी करवाने व मारपीट का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर ।कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर अपने माता पिता पर जबरन शादी करवाने व मारपीट करने का आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के सिजनौडा गांव निवासी लक्ष्मी ने पुलिस को बताया कि वह पूर्ण रूप से बालिग है साथ ही एक फाइनेंस कंपनी में काम कर खुद का खर्च निर्वाहन करती है।लक्ष्मी ने बताया कि उसके माता पिता उसकी मर्जी के खिलाफ जाकर जबरन शादी करवाना चाहते हैं जबकि प्रार्थिया अपनी मर्जी से विवाह करना चाहती है।इसी बात को लेकर उसके माता पिता ने मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया है।लक्ष्मी ने पुलिस से मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

## खेत पर खड़ी गेहूं की फसल कटाने गए अधिवक्ता पर कुल्हाड़ी से हमला

**तहरीर प्राप्त होने के बाद पुलिस कर रही मामले की जांच पड़ताल।**

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर।क्षेत्र के ग्राम बिहरका में अपने नलकूप पर मौजूद अधिवक्ता पर गांव के दबंगों ने कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। अधिवक्ता को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम बिहरका निवासी राम कीरत सिंह पुत्र राम अवतार सिंह पेशे से अधिवक्ता है। उन्होंने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि मंगलवार की रात वह अपने गेहूं का खेत कटवाने को लेकर अपने नलकूप पर मौजूद थे तभी गांव के चंदन सिंह व राम सिंह वहां आ धमके और गाली गलौज करते हुए उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिस पर अधिवक्ता के सर में कुल्हाड़ी लगने से वह अचेत हो जमीन पर गिर पड़ा तभी हमलावर उसे मरा समझ मौके से भाग निकले।घटना की जानकारी होने पर अधिवक्ता के परिजनों ने उसे लहुलुहान हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने अधिवक्ता की हालत नाजुक देख का प्राथमिक उपचार कर मुख्यालय रेफर कर दिया। अधिवक्ता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।वहीं नगर के अधिवक्ता संघ ने इस घटना पर आक्रोश प्रकट करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## दो सगे भाइयों सहित पांच पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप, एक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 22 वर्षीय युवती को बीच रास्ते अगवाकर खेत में ले जाकर सगे भाइयों सहित पांच लोगों ने गैंगरेप की वारदात को अंजाम दे डाला। युवती को बेहोशी हालत में खेत से उठाकर परिजन जिला अस्पताल लेकर आए।यहां होश में आने के बाद युवती ने अपने साथ हुई हैवानियत की जानकारी दी।युवती ने तीन युवकों की पहचान भी लिया है, जबकि दो अन्य इन्हीं के साथी थे।इन्हें युवती नहीं जानती।पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।पीड़िता के पिता के अनुसार बुधवार सुबह उसकी पुत्री शौच के लिए घर से निकली थी।घर से कुछ दूर पशुबाड़े के पास तीन भाइयों वासू, आशू और छोटू ने उसे अगवा कर लिया।इनके साथ दो और अज्ञात लोग थे, जिन्हें पुत्री पहचान नहीं पाई।पांचों लोग दिनदहाड़े पुत्री को उठाकर खेत ले गए, जहां उसके साथ परिवार के सदस्यों ने उसकी खोजबीन शुरू की तो पुत्री बेहोशी हालत में खेतों में मिली। जहां से उसे लेकर जिला अस्पताल आए।होश आने के बाद पीड़िता ने अपने साथ हुई दरिंदगी के बारे में परिजनों को जानकारी दी।पीड़िता के पिता ने थाने में सगे भाइयों सहित तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।दिनदहाड़े हुई गैंगरेप की इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल राकेश कुमार का कहना है कि एक आरोपी को हिरासत में लेकर शेष की तलाश की जा रही है।

# पन्नूगंज पुलिस द्वारा 02 पशु तस्करों को किया गया गिरफ्तार

**कब्जे से कुल 07 राशि मवेशी (04 भैस, 1 भैसा, 1 पड़िया, 1 पड़वा), 01 अदद पिकप, 02 एन्ड्राएड मोबाइल किया गया बरामद।**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र। अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों व गौ-तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा दिनांक 16.04.2025 को समय 01.10 बजे ग्राम राकी नहर पुलिया के पास बघैला से पकरहट जाने वाले नहर मार्ग पर बहद ग्राम राकी के पास से 02 नफर पशु तस्करों अभियुक्तगण 1- कमलेश गिरी पुत्र अशोक गिरी निवासी डबरीकला थाना ववुरी जनपद चंदौली उम्र लगभग 30 वर्ष 2- दिनेश पाल पुत्र शिवमूरत पाल निवासी नरहरपुर पोस्ट भावइथा थाना ववुरी जिला चंदौली को गिरफ्तार किया गया व कब्जे से कुल 07 राशि मवेशी (04 भैस,1 भैसा, 1 पड़िया,1 पड़वा), 01 अदद पिकप वाहन संख्या UP67BT3571, 02 अदद एन्ड्राएड मोबाइल बरामद किया गया ।बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना पन्नूगंज पर मु0अ0सं0 66/2025 धारा 11 पशुओ के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 का अभियोग पंजीकृत गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## चंदवारी डांडा खंड संख्या 26/8 मे बालू माफियाओं ने अवैध खनन कर नदी मे बनाए मौत के गड्ढे में डूबकर एक किशोर की हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**

हमीरपुर। चिकासी थाना क्षेत्र में अवैध खनन माफियाओं ने जगह जगह नदी में बड़े गड्ढे कर दिए है जिससे नदी में जाने वाले बालक काल के गाल में समा रहे है ।बालू माफियाओं द्वारा वन क्षेत्र में भी लगातार अवैध खनन करके नदी का अस्तित्व खराब किया जा रहा , इससे पहले भी ग्रामीणों द्वारा शासन प्रशासन सहित एसडीएम सरीला से अवैध खनन के सम्बंध में शिकायत कि गई थी लेकिन कोई कार्यवाहि न होने से खनन संचालकों के हौसले बुलन्द है और अवैध खनन अपने चरम पर है । आए दिन खनन संचालक द्वारा स्वीकृत सीमा के बाहर भी अवैध खनन कर नदी बडे-बडे मौत के गड्ढे बना दिए गये जिससे नदी में गहरे गढ्ढे होने से नहाते समय किशोर की मौत हो गई किशोर की मौत से माफियाओं पर परिजनों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है चंदवारी डांडा खंड संख्या 26/8 संचालक ने आसपास के इलाको से मौरंग खोदकर नदी के कई स्थानों को शमशान बना रखा है जैसारी गांव में रिश्तेदारी में आया किशोर अवैध खनन कारोबारियों का शिकार बन जाने से लोगों में नाराजगी व्यापत है और माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है मृतक किशोर अपने 4 दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था जहा किशोर की डूबकर मौत हो गई मृतक किशोर राज राजपूत राठ कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव का निवासी था सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने जांच पड़ताल की है और शव को नदी से निकलवाकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

# हीटवेव, सूखा, अग्निकांड से बचाव हेतु विभागों द्वारा की गई तैयारी के संबंध में हुई बैठक

**अमन लेखनी समाचार**




हमीरपुर ।जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में हीटवेव एवं सूखा, अग्निकांड से बचाव हेतु विभागों द्वारा की गई तैयारी और किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में डा० ए०पी० जे० अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी । जनपद हमीरपुर की भौगोलिक स्थिति के अनुसार प्रतिवर्ष माह अप्रैल से माह जून तक प्रायः 40 डि०से० से अधिक तापमान हो जाने के कारण लू की स्थिति बनी रहती है।संभावित सूखे एवं लू के दृष्टिगत विभागवार बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा निम्न निर्देश दियें गयें . जिलाधिकारी ने चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया कि चिकित्सालय में ओआरएस काउंटर स्थापित किए जाएं एवं लू से प्रभावित व्यक्तियों हेतु अतिरिक्त बेड आरक्षित किए जाएं । समस्त स्वस्थ्य केन्द्रों पर लू प्रकोप से ग्रसित रोगियों के इलाज की समस्त आवश्यक व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में रखी जाये। लू के प्रवाह से बचाव हेतु ष्क्या करें.क्या न करेंष्के सम्बन्ध में समस्त ए०एन०एम०, आशाए आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को प्रशिक्षित किया जाये तथा उन्हें ओ०आर०एस उपलब्ध करा दिया जाये एवं वह अपने कार्य क्षेत्रों में आमजन मानस को जागरूक करें ।वर्तमान समय में सार्ट सर्किट से अग्निकांड के दृष्टिगत अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया की सार्ट सर्किट से अग्निकांड की घटनाओं को रोकने के लिए त्वरित रूप से ढीले तारों एवं पालों को ठीक कर लें । ग्राम पंचायत एवं नगर क्षेत्र के समस्त मरम्मत एवं बंद बड़े हैण्ड पम्पों का मरम्मत कार्य पूर्ण कर क्रियाशील किया जायेए तथा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यलय में स्थापित पेयजल कंट्रोल रूम नम्बर 05282.298176 पर प्राप्त होने वाली पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों का अविलम्ब निस्तारण कराया जाये । ग्रामीण क्षेत्रों में राजकीय नलकूपों तथा निजी नलकूपों के माध्यम से तालाब एवं पोखर भरवाये जाने का कार्य एवं खराब हैण्डपम्पों की पूर्व से रिबोर एवं मरम्मत का कार्य तथा जिन ग्रामों में सूखे की स्थिति में वाटर लेविल अत्यन्त कम हो जाने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती हैए उन ग्रामों में टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराने हेतु रूटचार्ट तैयार करने तथा खराब टैंकरों की मरम्मत का कार्य पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में। जनपद में कुल छिद्रित नलकूपों के सापेक्ष यांत्रिक दोषध्विद्युत दोष से बन्द पड़े नलकूपों की तत्काल मरम्मत कराकर उन्हें क्रियाशील किया जाये, तथा नलकूपों एवं नहरों के माध्यम से समस्त तालाबों में पानी भरवाया जाये, इसके साथ ही गैशालाओं में पशुओं को पेयजल हेतु चरही/पेयजल एवं छायें की पर्याप्त व्यवस्था कराया जाना सुनिश्चित किया जाये ।कृषि विभाग को निर्देशित किया कि सूखे की स्थिति में फसल चक्र में फसलों का बदलाव, उन्नतशील बीजों का वितरण उन्नतशील बीजों का वितरण, हरी खाद, कम्पोस्ट खाद तथा जैविक खाद की व्यवस्था, कृषि तकनीकी फसल प्रदर्शनों का आयोजन, उन्नतशील कृषि यंत्रों की व्यवस्था आदि हेतु कृषकों को जागरूक किया जाये । बैठक में अनुपस्थित रहने पर मुख्य चिकित्साधिकारी का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने तथा कार्यवाही हेतु शासन में पत्रचार करने के निर्देश दिए । अंत में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया की लू से बचाव हेतु समस्त सम्बन्धित विभाग अपने स्तर से समस्त कार्यवाही पूर्ण करा लें किसी भी विभाग द्वारा लापरवाही की स्थिति में सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही किया जायेगा।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



## 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।

लाइफ Style



# प्रियंका

## हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।

### हॉलीवुड मसाला



## टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक प्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।




## कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



## रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...

**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



## देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

### टीवी मसाला



## छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

## एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

## इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।



**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

### हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*

**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।



**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

### प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज़ न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।